# वेद-पुराणों के माध्यम से किया समाज का नेतृत्व



कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु। अमृत विचार



श्यामसुंदर पारासर। अमृत विचार

● कथावाचक ने श्रद्धालुओं को बताई ग्रंथों की महत्ता

संवाददाता, रामनगर/राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत रगौली मोड़ के पास सिद्ध आश्रम खोहरा बाबा के परिसर में हो रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन कथावाचक डा. श्यामसुंदर पारासर ने वेद-पुराणों की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में भारतीय समाज का नेतृत्व इन्हीं ग्रंथों के आधार पर किया गया।

कथा के प्रमुख जजमान प्रभाष्करदत्त द्विवेदी और पत्नी सुधा देवी हैं। कथाव्यास ने बताया कि जब से समाज ने प्राचीन वांग्मय की उपेक्षा कर आधुनिक शिक्षा पद्धति को अंगीकार किया है तब से समाज में अभूतपूर्व बदलाव व्यापक स्तर पर दिखाई दिए हैं। इसका पतन समाज आज देख भी रहा है। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव व बाललीलाओं की कथा का विस्तार से वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावुक हो गए।

उन्होंने कहा कि धर्म धारण करने की विषयवस्तु है और इसका अनुसरण करने वाले की साक्षात धर्म रक्षा करता है लेकिन इसके बाद भी लोग धर्म का वरण करने से बचते हैं जो चिंता का विषय है। इस भागवत कथा में कथावाचक प्रसंग के अनुसार वेद, वेदांग, उपनिषद, रामचरितमानस और वाल्मीकि रामायण तथा महाभारत से भी उदाहरण देकर विस्तृत व्याख्या कर रहे हैं।

कथा सुनने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग पहुंच रहे हैं। संगीतमयी कथा में शिवपुरी के दीपक योगी हारमोनियम, सागर के संजय राजपूत तबला, ग्वालियर के संजय जैन पैड, अशोकनगर के नितिन शर्मा आर्गन, जगन्नाथपुरी से विरंचि शर्मा वायलिन और भोपाल के विनय राय बैंजो पर संगत कर रहे हैं। ग्वालियर के तनय शर्मा गायक के रूप में लोगों की वाहवाही लूट रहे हैं। ज्ञानयज्ञ की व्यवस्था दिवाकर द्विवेदी अंबुज संभाले हैं।

# भाजपा में आने की खुशी में यह क्या बोल गए रामसेवक

● पूर्व राज्यमंत्री बोले, अड़ोसी पड़ोसी की चिंता न करें...

● कई प्रधानों के साथ बीजेपी में शामिल हुए बसपा नेता

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** लंबे समय से राजनीति के हाशिये में पड़े किसी नेता को अगर कोई विकल्प के रूप में भी बड़ी पार्टी मिल जाती है तो उसकी खुशी क्या होती है, यह कोई पूर्व बसपाई और वर्तमान भाजपाई रामसेवक शुक्ला से पूछे। बसपा सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रह चुके रामसेवक ने रविवार को भाजपा ज्वाइन कर ली। इस दौरान काफी खुश नजर आ रहे पूर्व बसपाई ने अतिरेक में वह बोल दिया, जो सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। इसका वीडियो वायरल हो गया (हालांकि 'अमृत विचार' इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता)।

पार्टी कार्यालय में हुए कार्यक्रम के दौरान रामसेवक ने जो कहा, उससे कुछ क्षण को तो भाजपाई भी सकते में आ गए। हालांकि फिर नारेबाजी से माहौल को बदलने की कोशिश भी की गई। रामसेवक शुक्ला बसपा के कद्दावर नेता रहे हैं। यह बात दीगर है कि वर्तमान में समय उनके पक्ष में नहीं चल रहा। चित्रकूट विधानसभा सीट से 2012 में रामसेवक शुक्ला ने बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। उनको



बसपा नेता रामसेवक ने समर्थकों के साथ ली भाजपा की सदस्यता। अमृत विचार

सपा के वीर सिंह ने 16,136 मतों से शिकस्त दी थी। रामसेवक को 49,131 वोट मिले थे। तब तीसरे स्थान पर पूर्व राज्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय रहे थे। उनको 32,507 मत प्राप्त हुए थे। चंद्रिका प्रसाद ने 2017 में पूरा हिसाबकिताब चुकता कर लिया था और वह 90,366 मत पाकर विजयी रहे थे। यह पिछले तमाम चुनावों से ज्यादा किसी प्रत्याशी को मिले वोट थे।

हालांकि बात यहां रामसेवक शुक्ला की हो रही है। बसपा से राज्यमंत्री (दर्जा प्राप्त) रहे रामसेवक को फिर पार्टी ने 2022 में बबेरू से प्रत्याशी बनाया था पर वह इस बार तीसरे स्थान पर रहे।

सपा के प्रत्याशी विशंभर सिंह यादव की जीत हुई और भाजपा के अजय कुमार पटेल दूसरे स्थान पर रहे। विशंभर को 79093, अजय को 72057 और रामसेवक को 36892 वोट मिले। बबेरू वह सीट है, जिसने कई बार बसपा से प्रत्याशी को लखनऊ पहुंचाया है। कोई भी नेता हो वह यह जानता है कि करियर बरकरार रखने के लिए उसे चर्चा में रहना बहुत जरूरी है।

बसपा में टिकट मिलने के बाद भी जीत न मिलने से निश्चित रूप से रामसेवक को अपना राजनीतिक भविष्य सोचने पर मजबूर होना पड़ा होगा और शायद यही सोचकर उन्होंने रविवार को भाजपा ज्वाइन कर ली। उनके साथ उनके कई समर्थकों ने भी भाजपा का दामन थामा। यहां तक तो ठीक था पर ऐसा लगता है कि भाजपा में शामिल होने की खुशी में रामसेवक की जबान फिसल गई। उद्बोधन के दौरान उन्होंने जो कहा, वह वायरल हो गया। उस समय जिले के तमाम कद्दावर भाजपाई वहां मौजूद थे। अपनी जाने-अनजाने की गई गलतियों के लिए माफी मांग रहे सांसद और पार्टी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल व अन्य भाजपाइयों के लिए यह अप्रत्याशित था। पर तीर तो कमान से यानी बोल तो जबान से निकल चुका था। पार्टी ज्वाइन करने के बाद उद्बोधन देते हुए एक समर्थक की बात को बताते हुए बोले, अड़ोसी पड़ोसी की चिंता...न करो, धुंआधार काम करो...। उधर, पार्टी के तमाम नेताओं ने रामसेवक शुक्ला का स्वागत किया और आशा जताई कि उनके और उनके समर्थकों के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

### दिलचस्प होगा कवायद का असर देखना

यह बात अब किसी से छिपी नहीं कि जाति के आधार पर चुनाव परिणाम तय करने वाली बांदा-चित्रकूट सीट में भाजपा प्रत्याशी की राह में कई कांटे हैं। जिले की राजनीति की हवा पहचानने वाले कहते हैं कि इस सीट में हमेशा से जाति आधारित चुनाव रहा है और मुद्दे गौण रहे हैं। वर्तमान समय में यह बात हवा में तैर रही है कि ब्राह्मणों के एक विशेष वर्ग में भाजपा प्रत्याशी को लेकर नाराजगी है। खुद पार्टी के अंदर से ही चुनौतियां मिल रही हैं। पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र भी सार्वजनिक तौर से इस संबंध में अपना रुख स्पष्ट कर चुके हैं। भैरों प्रसाद तो सांसद आरके पर कई गंभीर आरोप लगा चुके हैं। ऐसे में रामसेवक के, जैसा कि पार्टी के नेता दावा करते हैं, लगभग दो दर्जन गांवों के प्रधानों के साथ भाजपा में आने से क्या फर्क पड़ता है, यह समय के गर्भ में है और चार जून को पता चलेगा।

# मंदिर की जमीन पर नहीं हो रहा निर्माण कार्य: एसओ

## भरतकूप में राजस्व टीम ने जांच की, आरोपों को बताया गलत

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** भरतकूप मंदिर में अवैध कब्जे की बात चर्चा में आने के बाद रविवार को राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। एसओ भरतकूप ने बताया कि पाया गया कि निर्माण कार्य मंदिर की जमीन पर नहीं कराया जा रहा है।

गौरतलब है कि शनिवार को भारतपुर तरांव निवासी रमेश चंद्र, सुखलाल, श्याम किशोर पटेल, कमल गुप्ता, संजय कुमार त्रिपाठी आदि ने जिलाधिकारी को संबोधित पत्र में आरोप लगाया था कि भरतकूप के प्राचीन मंदिर में महंत व अन्य लोग अवैध कब्जा करने की नीयत से निर्माण कार्य करा रहे हैं। इन लोगों का कहना था कि इसमें कई राजस्वकर्मियों की भी मिलीभगत है। ग्रामीणों ने इस संबंध में मंदिर के आसपास की जमीन की पैमाइश के लिए वर्तमान लेखपाल की जगह टीम गठित करने की भी मांग की थी। मामले के तूल पकड़ने के बाद रविवार को राजस्व टीम मौके पर जांच को पहुंची। एसओ प्रवीण सिंह ने बताया कि राजस्व टीम के पहुंचने के बाद पैमाइश की गई। पाया गया कि आरोप गलत हैं और निर्माण कार्य खुद की जमीन पर किया जा रहा है। बताया कि काम कुछ दिन से रुका था, राजस्व टीम ने काम कराने की अनुमति दे दी है।



इसी विवादित भूमि पर चल रहा निर्माण।

### सुलझता नहीं दिख रहा मामला

राजस्व टीम ने निर्माण कार्य को क्लीन चिट भले ही दे दी हो पर वहां के लोगों की मानें तो यह मामला सुलझता नहीं दिख रहा। लोगों को लेखपाल की भूमिका को लेकर भी आपत्ति है। इनका कहना है कि इसकी वजह से सही तरीके से पैमाइश नहीं हो पा रही। रविवार को हुई कार्रवाई भी जल्दबाजी में की गई कही जा रही है। नाम छिपाते हुए कई लोगों का यह भी कहना है कि मंदिर के पास की जमीन पर विवादित रूप से निर्माण कार्य कराया जाना उनकी भावनाओं को आहत कर रहा है।

# नियमित रोडवेज बसें नहीं चलने से लोगों में आक्रोश

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

● परिवहन निगम की उपेक्षा झेल रहा तुलसीतीर्थ

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ परिवहन निगम की उपेक्षा का शिकार है। यहां नियमित रूप से रोडवेज बसें न चलने से लोगों में रोष है। लोगों ने सीएम से इस ओर ध्यान देने का अनुरोध किया है।

जिस राजापुर ने विश्व को संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जैसे महाज्ञानी दिए, वही विकास से कोसों दूर है। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, समाजसेवी शिवपूजन गुप्ता एवं सुनील मिश्रा ने बताया कि सन 1970 में तत्कालीन मंत्री राधाकृष्ण गोस्वामी ने राजापुर में परिवहन निगम का बुकिंग ऑफिस खुलवाया था। बस अड्डा भी बनवाया गया था, जो 2002 तक रहा। इसके बाद लापरवाही के कारण यह समाप्त कर दिया गया।

प्रदेश सरकार धर्मस्थलों को सड़कों से व परिवहन से जोड़ने के लिए कई प्रकार की योजनाएं लागू कर रही है लेकिन यह क्षेत्र उपेक्षित है। पूर्व में राजापुर से लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज व प्रदेश के अन्य जिलों के लिए यहां से रोडवेज बसों का संचालन किया जाता था पर अब ये नियमित नहीं। निगम की कुछ बसें चलाई तो जा रही हैं लेकिन उनके ठहरने के लिए कोई निश्चित स्थान व समय नहीं है। कस्बे के राधेश्याम सोनी, उमेश केशरवानी, जुगराज केशरवानी, सुभाषचंद्र अग्रवाल, शंकरदयाल जायसवाल, दीपक जायसवाल, राजेश केशरवानी, अतुल मिश्रा, विकास मिश्रा, लल्लू मोदनवाल, संतोष गर्ग, भरतलाल जायसवाल, अशोक द्विवेदी, सुरेश जायसवाल, राकेश नामदेव, सोमनाथ अग्रवाल आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की कि राजापुर में रोडवेज बसों का बुकिंग ऑफिस, बस अड्डा की व्यवस्था की जाए और विभिन्न मार्गों के लिए रोडवेज बसें चलाई जाएं।

# सभी के सहयोग से ही हो सकेगा तीर्थक्षेत्र स्वच्छ व सुंदर :राकेश

चित्रकूट कार्यालय

● युवाओं ने परिक्रमा पथ पर चलाया सफाई अभियान

● मन में रखो एक ही सपना स्वच्छ बनाना है चित्रकूट अपना

**अमृत विचार।** कामदगिरि स्वच्छता समिति की अगुवाई में युवाओं ने इस रविवार को भी नियमित स्वच्छता अभियान चलाया। समिति के अध्यक्ष और पालिका के ब्रांड अंबेसडर राकेश केशरवानी ने कहा कि बिना लोगों के सहयोग से यह काम असंभव है।

राकेश ने इस बात पर खुशी जताई कि लोगों में अब जागरूकता आ रही है। परिक्रमा पथ उतना गंदा नहीं रहता, जितना पहले था। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बोले, मन में रखो एक ही सपना स्वच्छ बनाना है चित्रकूट अपना। अधिशासी अधिकारी लालजी ने कहा कि चित्रकूट में भगवान राम ने साढ़े 11 साल तक निवास किया। इसको पवित्र और स्वच्छ रखना सबका कर्तव्य है। उन्होंने अपील की कि पॉलिथीन का प्रयोग न करें पर्वत की तरफ किसी भी तरह की गंदगी न फेंकें। सबके प्रयास से ही चित्रकूट स्वच्छ और सुंदर चित्रकूट बन सकेगा। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने भी स्वच्छता की आदत डालने की बात कही। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा जनता के सहयोग से पूरे चित्रकूट को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। इस मौके पर जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, अंकुर केशरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, मनोज कुशवाहा आदि ने अभियान में सहयोग किया।



परिक्रमा पथ की सफाई करते युवा। अमृत विचार

# आठ आरोपियों पर हुई गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**चित्रकूट।** पुलिस ने भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी के आरोप में आठ आरोपियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी ने राजू खान, रहुफ खान पुत्रगण नत्थू खान निवासी धौरहरा, अखिलेश उर्फ कुमकुम पुत्र राधेकृष्ण उपाध्याय निवासी नहरा, कल्लू उर्फ ओमप्रकाश यादव पुत्र जागेश्वर निवासी रामपुर, भैरवलाल उर्फ भैरवदयाल उर्फ भूरा पुत्र भगौना निवासी औदहा पर धारा 03 यूपी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

### दो पर लगा मिनी गुंडा एक्ट

**चित्रकूट।** पुलिस ने दो आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। सरधुआ पुलिस ने भारतलाल पुत्र राजनारायण, रामलखन पुत्र लालजी निवासीगण हरिसनपुर के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्रवाई की।

प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने उमाकांत पुत्र त्रिवेणी प्रसाद निवासी छीबों, नत्थू पुत्र लोकनाथ गोस्वामी, मनीष पुत्र नत्थू गोस्वामी निवासी सोनहटी पर गुंडा एक्ट लगाया है।

# व्यय प्रेक्षक ने किया औचक मुआयना

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने रविवार को बरगढ़ मोड़, हल्दी डांड़ी और इटवा डुडैला में स्थैतिक निगरानी दलों का औचक मुआयना किया। इस दौरान तीनों दल अपने-अपने तैनाती स्थलों पर मुस्तैदी से काम करते मिले। व्यय प्रेक्षक ने इनको जिम्मेदारी से काम करने की नसीहत दी।

व्यय प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुरूप सावधानी व सजगता से अपना काम करते रहें। मुख्यालय लौटते हुए उन्होंने रास्ते में पड़ने वाले उड़नदस्ता दलों का भी निरीक्षण किया। बाद में व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट में तैनात लेखा दलों, वीडियो टीमों और कॉल सेंटर का भी मुआयना किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।



अधिकारियों से जानकारी लेते व्यय प्रेक्षक। अमृत विचार

● निगरानी दलों को मुस्तैदी से काम करने की हिदायत दी

# सड़क हादसो में पिता पुत्र समेत तीन घायल

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के हथौरा गांव के अलकमा (20) रविवार की दोपहर 53 वर्षीय पिता अतीक उल्ला को बाइक में बैठाकर बांदा आ रहा था। तभी जौरही गांव के पारी सामने से आ रहे मवेशी को बचाने में बाइक आनियंत्रित होकर गिर पड़ी जिससे दोनो लोग घायल हो गए। इसी थाना क्षेत्र के लुकतरा गांव निवासी मथुरा (50) पुत्र चन्ना रविवार की दोपहर पपरेदा गांव से ईरिक्शा लेकर गांव जा रहा था। तभी लामा गांव के पास आनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट गया। जिससे वह घायल हो गया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

## सार-संक्षेप

### रैपुरा पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** रैपुरा थाने के एसआई रविकांत राय ने वारंटी लवकुश पुत्र लाल निवासी रैपुरा को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी चंद्रभूषण राय शामिल रहे।

### खूंटे के पास बैठे सर्प ने महिला को डसा, मौत

**मौदहा।** थाना बिवांर क्षेत्र के ग्राम सायर निवासी सुखदेवी (48) पत्नी अरविंद प्रजापति शनिवार की रात दरवाजे के बाहर बंधी भैंस को लेकर अंदर पशु बाड़े में बाधने गई। वहां खूंटे के नीचे बांधते समय छुपे बैठे सर्प ने उसके हाथ में काट लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर आए, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला के दो लड़के व दो लड़कियां हैं। जिसमें एक बेटे की अभी एक सप्ताह पूर्व शादी हुई थी। थाना प्रभारी राकेश सरोज ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### पड़ोसी ने सूने घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की

**मौदहा।** कस्बे के स्टेशन मार्ग स्थित एक मोहल्ले में रह रही विवाहिता के सूने घर में घुसकर वहां के एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने उससे छेड़खानी की। विरोध करने पर डंडों से मारापीटा। घटना की सूचना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने उस पर कोई कार्यवाही नहीं की। जिस से पीड़िता दुखी है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

परिचर्चा — अरछा बरेठी में पर्यावरण के हालात पर चिंता जताई, नदियों किनारे व खेतों पर पौधे लगाने का आह्वान

# जिंदगी बचानी है तो जल, जंगल और जमीन को बचाएं

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** अरछा बरेठी गांव में रविवार को पर्यावरण के हालात पर चिंता जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे।

विकास पथ सेवा संस्थान के तत्वावधान में हुई इस महत्वपूर्ण गोष्ठी में ग्रामीणों ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत जल संरक्षण संबंधी गीत से हुआ। डॉ. प्रभाकर सिंह ने बताया कि संस्थान पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर 20 वर्षों से काम कर रहा है। इस वर्ष 100 से अधिक स्थानों में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा पौधरोपण, नदी नालों की सुरक्षा संरक्षण का प्रयास करेंगे। एक-एक बूंद पानी को बचाने के लिए ग्रामीणों, स्कूली बच्चों को प्रेरित करेंगे। टाइगर रिजर्व के जिला परियोजना अधिकारी गोपाल कृष्ण गुप्ता ने नदियों के किनारे किनारे खेतों में अधिक से अधिक पौधे लगाने की सलाह दी। इस मौके पर लोगों ने पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने का संकल्प लिया।

डॉ. रमेश सिंह चंदेल ने कहा कि वृक्षों की कटान होने से पर्यावरण असंतुलित हुआ है। इसीलिए पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं हो रही है। पेड़ लगाओ पानी बरसाओ इस नारे को हमें ध्यान में रखना होगा। कवि रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने भी पौधरोपण की महत्ता पर चर्चा की। उन्होंने स्वरचित प्रेरणा गीत सुनाया। वक्ताओं ने मंदाकिनी नदी की हालत पर भी चिंता जताई। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी सभासद शंकर प्रसाद यादव ने किया।

उन्होंने कहा कि जीवन को बचाने के लिए हमें जल, जंगल, जमीन को भी बचाना होगा। मंदाकिनी अविरल बहती रहे, इसके लिए भी हमें चिंतन करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी लवलेश सिंह ने किया। गोष्ठी में शिक्षक सुरेश कुमार, राकेश राजपूत, हनुमान यादव, जगन्नाथ वर्मा, प्रकाश वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, हरिश्चंद्र, बैजनाथ, अयोध्या प्रसाद, राजकुमार, सूबेदार, अमित, ललित यादव, प्रभु दयाल, शेष नारायण कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा, दयाराम यादव, श्रीकृष्ण, मोतीलाल, जितेंद्र, तीर्थ, पप्पू निषाद, मातादीन, चंद्रिका यादव, विशंभर यादव, रामभवन, फूलचंद नामदेव, मिठाई लाल, विष्णु यादव, सुरेश नारायण कुशवाहा, रामसजीवन यादव, जगरूप कुशवाहा, देशराज यादव आदि मौजूद रहे।




गोष्ठी में पर्यावरण के संरक्षण पर चर्चा करते समाजसेवी और ग्रामीण। अमृत विचार

### मंदाकिनी सूखती जा रही ध्यान देने की जरूरत

शंकर प्रसाद यादव ने चिंता जताई कि मंदाकिनी बंधोइन बांध के आगे मंदाकिनी की धारा रुक गई है। यहां नदी सूखती जा रही है। अरछा बरेठी, औदहा, लोहदा आदि गांवों में मंदाकिनी का बहाव नहीं है। गड्ढों में पानी भरा है, यह बेहद चिंता का विषय है।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाजपाई। अमृत विचार

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनादर पर माफी मांगें अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मैनपुरी में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के रोड शो में महाराणा प्रताप की प्रतिमा को कथित रूप से अपमानित किए जाने के मामले में जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अगुवाई में भाजपाइयों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। सपा प्रमुख पर कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के रोड शो में भारत माता के वीर सपूत महाराणा प्रताप सिंह की प्रतिमा को सपाइयों ने अपमानित किया है और तोड़फोड़ की है। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपनी पत्नी डिंपल यादव के साथ भी मौजूद रहे। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष के साथ आलोक कुमार पांडेय, शिवाकांत पांडेय, तीरथ तिवारी, सुनील गर्ग आदि के हस्ताक्षर हैं।

# सरैंया पुलिस ने पांच वारंटियों को दबोचा

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने वन्य जीव अधिनियम के वारंटी नंद किशोर पुत्र स्व. मुन्ना प्रसाद, लखन पुत्र कामता, शिवमिलन पुत्र मोतीलाल, गंगा प्रसाद पुत्र राम प्रसाद और कल्लू पुत्र स्व. भोंडा निवासीगण गढ़चपा थाना मानिकपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी दशरथ राम, आरक्षी मनोज कुमार और राजमंगल शामिल रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# मतदान कर्मचारियों की ड्यूटी के दूसरे चरण का हुआ रैंडमाइजेशन

## प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में हुआ मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● जिले की चार विधानसभाओं में बनाए गए 1389 बूथ

● 140 अतिरिक्त मतदान पार्टियों का किया गया गठन

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों में मतदान संपन्न कराने के लिए लगाए गए मतदान कार्मिकों का दूसरे चरण का रैंडमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में हुआ। कहा कि मतदान का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें किसी भी स्तर से कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

कलक्ट्रेट स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) में रविवार को सामान्य प्रेक्षक वी.कलाईराशि और जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की उपस्थिति मतदान कार्मिकों का दूसरे चरण का रैंडमाइजेशन हुआ। प्रेक्षक के देखरेख में किए गये रैंडमाइजेशन के बाद 1529 पोलिंग पार्टियां तैयार की गईं। कहा कि मतदान का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें किसी भी स्तर से कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनपद की चारों विधानसभाओं में बनाए गए कुल 1389 बूथों पर नियोजित किए गए निर्वाचन कार्मिक शामिल रहे।


मतदान कार्मिकों का रैंडमाइजेशन करतीं डीएम व प्रेक्षक। अमृत विचार

लोकसभा चुनाव के लिए बूथों पर 1389 टीम व 10 फीसदी रिजर्व स्टाफ को जोड़ते हुए 140 अतिरिक्त मतदान पार्टियों का गठन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव में लगे इन कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 10 से 15 मई के बीच जेएन महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में आयोजित होगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारीध् प्रभारी अधिकारी कार्मिक वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संजीव बघेल तथा जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी बीके शर्मा उपस्थित रहे।

**12 वैकल्पिक पहचान पत्रों की मदद से डाल सकेंगे वोट :** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले के मतदाताओं को अवगत कराया है कि 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज मतदाता फोटो पहचान पत्र के लिए निर्धारित किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता को अपनी पहचान के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज यथा आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बैंकों, डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटीआईडी (यूआईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। बताया कि मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ के माध्यम से मतदान तिथि से पूर्व वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदाता सूचना पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता सूचना पर्ची को पहचान व दस्तावेज के रूप में नहीं माना जाएगा।


बच्चों को किताबें और कपड़े बांटते समाजसेवी। अमृत विचार

# किताबें और कपड़े पाकर खुशी से चहक उठे बच्चे

संवाददाता, बांदा

● रोटी बैंक ने दुरेड़ी में आयोजित किया वितरण कार्यक्रम

**अमृत विचार।** रोटी बैंक ने सदर तहसील क्षेत्र के गंछा गांव के मजरा पुरवा में गरीब ग्रामीणों व बच्चों को कपड़े, जूते, चप्पल व किताबों का वितरण किया। अपनी जरूरतों का सामान पाकर ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी की चमक देखी गई। इसके अलावा ग्रामीणों से मतदान का आह्वान किया गया।

रोटी बैंक संरक्षक शेख सादी जमा और अध्यक्ष रिजवान अली की अगुवाई में रविवार को सदर तहसील क्षेत्र के गंछा ग्ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी की मौजूदगी में सहायता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें गरीब ग्रामीणों व बच्चो को कपड़े, जूते, चप्पल तथा किताबों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सीमा नंदा ने ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या मे मतदान करने के लिए जागरुक किया गया। इसके अलावा उन्हें कानूनी अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई।

कुल मिलाकर गरीब ग्रामीणों ने सामग्री पाकर जहां खुशी जताई, वहीं रोटी बैंक के सदस्यों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मोहम्मद शमीम, तबस्सुम फात्मा, तरन्नुम फात्मा, मोहम्मद सलीम, इरफान खान, चांद, शाहान अली, अलीमुददीन, महेंद्र पाल समेत तमाम रोटी बैंक स्वयंसेवक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### बोलेरो की टक्कर से घायल युवक ने दम तोड़ा

**बांदा।** दो वर्ष पहले बारात में शामिल होने गया युवक बोलेरो से कुचल कर घायल हो गया था। उसकी शनिवार की रात घर पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मर्का थाना क्षेत्र के कलाना गांव निवासी दिबिन (29) पुत्र साउराम दो वर्ष पहले पड़ोसी युवक की बरात में शामिल होने कारी सिकरी पहाड़ी चित्रकूट गया था। वह खाना खाने के बाद जनवासे में सो रहा था। तभी बारात में आई बोलेरो ने उसे कुचल दिया था जिससे उसकी रीढ़ की हडडी टूट गई थी, गर्दन में भी चोटें आई थीं। उसका बांदा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, में इलाज कराया गया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नही हुआ। थक हार कर घर पर ही इलाज किया जा रहा था। शनिवार की रात उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई लल्लू ने बताया कि दिबिन के इलाज में करीब सात लाख रूपए से ज्यादा खर्च हो गया। लोगों से कर्जा भी लिया गया। इतना ही नही सात बीघा जमीन भी बेच दी गई। इसके बाबजूद भी दिबिन को नहीं बचा पाए।

### जहरीला कीड़ा काटने से युवक की गई जान

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के तेंदुरा गांव निवासी भरत सिंह (18) पुत्र दिलीप सिंह शनिवार की दोपहर भूसा लेने खेत जा रहा था। तभी भूसा भरते समय जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत मे सुधार न होने पर परिजन उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के ममेरे भाई अर्जुन ने बताया कि भरत को जहरीले कीडे ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।


चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते राज्यमंत्री रामकेश निषाद। अमृत विचार

### चार मंडलों में बनाए गए भाजपा के चुनाव कार्यालय

**तिंदवारी।** तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र के पैलानी, तिंदवारी, बड़ोखर तथा जसपुरा मंडलों में रविवार को भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-हवन कर फीता काट कर किया। राज्यमंत्री ने कहा कि देश को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश की जनता नरेंद्र मोदी के साथ है। इस अवसर पर संतोष गुप्ता, देवेन्द्र शुक्ला, राकेश सिंह चैहान, अखिलेश नाथ दीक्षित, रामकरण सिंह बच्चन, बड़ोखर ब्लॉक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू, मटौंध नगर पंचायत चेयरमैन सुधीर सिंह, जिला मिडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह, सत्येंद्र प्रताप सिंह, बड़ोखर मंडल अध्यक्ष श्याम बाबू पाल, जसपुरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महेश निषाद, ममता त्रिपाठी, कृष्ण कुमार शुक्ला, राकेश बाजपेई, अनूप तिवारी, अमित निगम, अनूप सिंह, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि भूरेलाल फौजी, जिला संयोजक राजू सिंह फौजी, अतुल दीक्षित, अरूण सिंह पटेल, अशीष सिंह चंदेल, बड़ेलाल सिंह पटेल, राजबहादुर सिंह राजू, अरूण शुक्ला, जगपत सिंह, बृजेंद्र सिंह पटेल, रामआसरे सिंह, चंद्रभूषण पटेल, आलोक मिश्रा, अखिल पटेल, शिवसागर द्विवेदी, बलबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।


चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते पूर्व राष्ट्रीय महासचिव विशंभर प्रसाद।

### सपा प्रत्याशी का चुनाव कार्यालय खुला

**तिंदवारी (बांदा)।** हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी अजेंद्र राजपूत के पैलानी डेरा स्थित चुनाव कार्यालय का शुभारंभ सपा राष्ट्रीय महासचिव विशंभर प्रसाद निषाद ने किया। उद्घाटन के बाद भाथा, नांदादेव, पड़ोहरा, मड़ौली, अमारा आदि गांवों में जनसपंर्क अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि अबकी लोकसभा चुनाव बदलाव लेकर आएगा। देश की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। किसान नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले समेत तमाम ग्रामीण और सपा व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बच्चे के गले में धागे का फंदा कसा, भर्ती

**नरैनी :** कोतवाली क्षेत्र के भांवरपुर गांव निवासी मनफूल का एक वर्षीय पुत्र गोलू रविवार की सुबह घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर में चढ कर खेल रहा था। तभी वह ट्रैक्टर से नीचे गिरा इसी बीच ट्रैक्टर के कीले में गोलू के गले में पड़ा धागा फंस गया, जिससे गोलू के गले में फंदा कस गया। घरवालो ने आनन फानन धागा काट कर उसे फंदे से मुक्त कराया। उसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### केन नहर में डूबकर किशोर की मौत

नरैनी। कोतवाली क्षेत्र के गंगा पुरवा गांव निवासी सत्यम (12) पुत्र अनिल पाठक गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित केन नहर बांदा ब्रांच में अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था। नहाते वक्त वह गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया। दोस्तों ने गांव पहुंचकर घटना की सूचना परिजनों को दी। लगभग एक घंटे के बाद गांव के गोताखोरों ने उसका शव नहर से बरामद कर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार हेमंत पटेल व लेखपाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। पिता ने बताया कि सत्यम गांव में कक्षा छह का छात्र था।

# युवक ने जहर खाकर जान दी

**बांदा :** अलग-अलग घटनाओं में नशे में धुत युवक ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर,पति ने रुपये न दिए तो पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गिरवां थाना के खुरहंड गांव निवासी आशीष (24) पुत्र विजय तिवारी ने शनिवार की सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां रात को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के चाचा बाबू तिवारी ने बताया कि आशीष पिता के साथ किसानी करता था। वह नशे का आदी था। नशे में उसने जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी कर लिया। उधर, देहात कोतवाली क्षेत्र के चहितारा गांव निवासी रानी (23) पत्नी दीपू ने रविवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जेठानी किशुन कुमारी ने बताया कि रानी पति से दो हजार रूपए मांग रही थी। पति ने रुपये नहीं दिए तो वह पति से तलाक मांगने लगी। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया।

# ईसी के निर्देशानुसार लगे शिक्षकों की ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में प्रशासन का पूरा सहयोग करने की रूपरेखा तय की गई। शिक्षकों से शहर से लेकर गांवों तक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने में सहभागिता पर जोर दिया गया। संघ जिलाध्यक्ष ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाने की मांग की।

शहर के बंगालीपुरा स्थित टीचर्स सोसाइटी कोआपरेटिव भवन में रविवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक आयोजित हुई। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष, मंत्री, तहसील प्रभारी व सह प्रभारी ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संघ जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शिक्षक प्रशासन का सहयोग करें।



बैठक को संबोधित करते प्राथमिक शिक्षक के संघ जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

● प्राथमिक शिक्षक संघ ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तय की रूपरेखा

लोकतंत्र के पर्व पर सभी मतदान का प्रयोग अवश्य करें। कमासिन ब्लॉक के शिक्षक तीरथ प्रसाद पटेल के साथ ग्राम प्रधान द्वारा की गई अभद्रता पर शिक्षकों ने आक्रोश जताया। ग्राम प्रधान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी कि ग्राम प्रधान पर कार्रवाई न हुई तो संघ आंदोलित होगा। बैठक में शिक्षकों की अन्य अनेक समस्याओं और उनके समाधान पर विचार विमर्श किया गया। मांडलिक मंत्री ने बताया कि जल्द ही शिक्षकों का मंडल स्तरीय बैठक आयोजित होगी। बैठक में जिला मंत्री प्रजीत सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाशंकर यादव, जिला संयुक्त मंत्री जय किशोर दीक्षित, जिला कोषाध्यक्ष रामसुफल कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# 20 को अधिक से अधिक संख्या में करें मतदान

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र का युवा सम्मेलन रविवार को शहर के एक मैरिज हाल में आयोजित किया गया। सम्मेलन में जलशक्ति राज्यमंत्री समेत बांदा, चित्रकूट क्षेत्र के नेताओं ने युवाओं को लोकसभा चुनाव में आगामी 20 मई को अधिक से अधिक मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आह्वान किया। क्षेत्र के दिग्गज नेताओं ने युवा शक्ति में जोश का संचार करते हुए कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में भारत का दबदबा समूचे संसार में बढ़ रहा है।

सम्मेलन में राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने मोदी-योगी सरकारों की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने मोदी-योगी सरकार ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए चल रहीं विभिन्न योजनाओं का बखान किया। कहा कि आगामी 20 मई को अधिक से अधिक संख्या में घरों से निकल कर मतदान केंद्र तक जाएं और अपने वोट की ताकत का अहसास कराएं। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने लोकसभा चुनाव में युवाओं को आगे आने का आह्वान किया।


युवा सम्मेलन में शामिल सदर विधायक व अन्य। अमृत विचार

● भाजयुमो के तत्वावधान में हुआ लोकसभा स्तरीय युवा सम्मेलन

कहा कि युवा शक्ति जिसके साथ रहेगी, उसे कोई भी ताकत हरा नहीं सकती। उन्होंने मोदी-योगी को पं.दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का सपना साकार करने वाला बताया। कहा कि मोदी-योगी सरकार लगातार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, छात्रों के हित में काम कर रही है। उन्होंने चार जून-चार सौ पार का नारा बुलंद किया। सम्मेलन को बांदा सांसद आरके पटेल, हमीरपुर सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा बालमुकुंद शुक्ला, जिल पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोहित गुप्ता, चित्रकूट अध्यक्ष विकास मिश्रा हीरो, ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, आशीष पटेल, योगराज तिवारी, विवेक त्रिपाठी समेत तमाम युवा शामिल रहे।

# प्याऊ के मटके खाली पड़े कैसे बुझे राहगीरों की प्यास

संवाददाता, नरैनी

● जिम्मेदारों ने प्याऊ खोलने की निभाई औपचारिकता

**अमृत विचार।** नगर पंचायत द्वारा कस्बे में खोले गए प्याऊ के मटके खाली पड़े हैं। जिम्मेदारों ने खानापूर्ति कर प्याऊ की औपचारिकता पूरी कर कर दी। खाली मटके होने से राहगीरों की प्यास नहीं बुझ पा रही है।

तहसील मुख्यालय एक महत्वपूर्ण व्यवसायिक केंद्र है। यहां अनेक गांवों के लोग रोजाना सैकड़ों की संख्या में खरीदारी के लिए आते हैं। ऐसे में लोगों को गर्मी में शीतल पेयजल मुहैया कराए जाने को लेकर नगर पंचायत के राजीव नगर की महिला सभासद गौरा सिंह और सुभाष नगर की महिला सभासद नाजमा खातून ने कस्बे के मुख्य चैराहे समेत अन्य कई भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नगर पंचायत की ओर से प्याऊ की व्यवस्था कराई जाने की मांग पर नगर पंचायत ने चार दिन पहले कस्बे मुख्य चैराहे पर प्याऊ की व्यवस्था की गयी है। लेकिन सभासद नाजमा खातून और गौरा सिंह ने बताया की नगर पंचायत की व्यवस्था तो की गई और अपचैरिकतायो को पूरा किया गया है लेकिन लोग पानी के लिए फिर भी तरस रहे है प्याऊ के घड़े खाली पड़े रहते है जिन्हे देखने वाला कोई नही है।

लोकसभा चुनाव छात्र-छात्राओं के साथ पालिका व तहसील कर्मचारियों ने भी की भागीदारी, जलयोद्धा पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने मतदाताओं को बताया वोट का महत्व

# जागरुकता रैली निकालकर लोगों में मतदान की जगाई अलख

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रशासन मतदाता जागरूकता अभियान चलाने में जुटा है। इसी क्रम में एसडीएम की अगुवाई में छात्र-छात्राओं के साथ नगर पालिका व तहसील कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता रैली निकालकर संसदीय क्षेत्र में 85 फीसदी मतदान की अलख जगाई। कस्बे के प्रमुख मार्गों पर रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। जलयोद्धा पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने लोगों को वोट का महत्व बताया।

कस्बा के लखन कालोनी स्थित गेस्टहाउस में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। एसडीएम रावेंद्र सिंह की अगुवाई में हिंदू इंटर कालेज से कस्बे के प्रमुख मार्गों पर जागरूकता रैली निकाली। रैली में ब्रह्म विज्ञान इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज शिक्षकों व छात्र-छात्राओं के साथ नगर पालिका ईओ, तहसील कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कस्बे के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करते हुए 85 फीसदी मतदान की अलख जगाई। प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी ने कविता के माध्यम से तो जलयोद्ध पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने वोट का महत्व बताकर सभी को मतदान के लिए जागरुक किया। बताया कि संसदीय क्षेत्र में पहली बार दिव्यांगों को ब्रेल लिपि से मतदान की व्यवस्था की गई है। एसडीएम बताया कि गर्मी को देखते हुए हर बूथ पर छाया और पानी तथा बैठने की व्यवस्था की गई है। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक तो छात्रों ने लोकगीत से लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर अरुण कुमार, अशोक कुमार, गिरजेश मिश्रा, श्याम निगम, बीरेंद्र दीक्षित, सोमनाथ, कमलेश कुमार, जेपी कोमल, शालिनी तिवारी, खुशी, पूनम सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।


मतदाता जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### 'अधिक मतदान से मजबूत होता है लोकतंत्र'

महुआ ब्लाक क्षेत्र के पतौरा गांव स्थित पंचायत भवन में रविवार को आयोजित मतदाता जागरुकता बैठक में ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। जलयोद्धा पद्मश्री उमाशंकर पांडेय व खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी ने कहा कि अधिक मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है। देश का विकास होता है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अबकी हरेक मतदान केंद्रों में पानी, छाया समेत बैठने आदि की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर नायब तहसीलदार नरैनी यशपाल सिंह, एडीओ पंचायत महुआ वीरेंद्र द्विवेदी. सचिव सेफाली मिश्रा, महुआ विकास खंड स्वयं सहायता समूह प्रबंधक विमल त्रिपाठी, प्रेम प्रकाश पांडेय, जगदीश त्रिपाठी, शिवकिशोर त्रिपाठी, पीलू शुक्ला, जीतू शुक्ला, चैनबाबू त्रिपाठी, सुशील त्रिपाठी, ब्रजकिशोर त्रिपाठी, पिंकू त्रिपाठी, कोटेदार त्रिपाठी, कमलेश, पवन द्विवेदी, प्रधानाध्यापक सुमन, कल्लू वर्मा, देवीदयाल टेहकू राम समेत स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश त्रिपाठी ने सभी का आभार जताया।


मतदाता बैठक को संबोधित करते प्रधान प्रतिनिधि। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# अधिकारी अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें : प्रेक्षक

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा, महोबा व चरखारी विधानसभाओं के मानचित्र देख जानी भौगोलिक स्थिति

कार्यालय संवाददाता, महोबा


बैठक में विधानसभाओं का मानचित्र देखते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने की गरज से भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास ने नोडल अधिकारियों, सह नोडल अधिकारियों व नोडल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा एआरओ के साथ रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार महोबा में बैठक की। बैठक में प्रेक्षक द्वारा लोकसभा 47 हमीरपुर महोबा के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा मतदान के दृष्टिगत जनपद की तैयारियों को भी परखा गया। प्रेक्षक द्वारा विधानसभा 230 महोबा, विधानसभा 231 चरखारी के मानचित्र की प्रोजेक्टर के माध्यम से अवलोकन किया गया साथ ही जनपद के भौगोलिक मानचित्र की भी जानकारी प्राप्त की गई। सामान्य प्रेक्षक द्वारा पुलिस के व्यवस्थापन तथा मतदान कार्मिकों एवं जनपद में वाहन की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली।

बैठक के दौरान प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों, पोलिंग बूथों तथा जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट के संबंध में जानकारी प्राप्त की साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। प्रेक्षक द्वारा क्रिटिकल बूथों की भी जानकारी प्राप्त की गई, तथा निर्देशित किया गया कि जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व सौंपे गए हैं, उनका ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। वर्तमान समय में गर्मी का मौसम है अतः प्रत्येक बूथ पर छाया, पीने का पानी, ओआरएस, आशाबहुओं, डॉक्टर की सुविधा रहे, तथा बूथों पर मतदान कार्मिको, मतदाताओं के सुविधाओं के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कदम उठाए जाएं।

बैठक में प्रेषक ने कहा कि मतदान के पूर्व तथा मतदान के दिन विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए प्रत्येक बूथ पर एएमएफ की भी सुविधा प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाए। प्रेक्षक द्वारा डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम, एमसीएमसी, सुविधा एप्लीकेशन एवं सीविजिल एप्लीकेशन के कार्यों का अवलोकन किया तथा समस्त संबंधित को गुणवत्तापरक निस्तारण तथा कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्तिथ रहे।

# स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा


स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने जातीं प्रेक्षक व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक प्रियंका दास ने रविवार को राजकीय पॉलिटेक्निक में बने स्ट्रांग रूम का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसी टीवी कैमरों आदि का जायजा लिया साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इतना ही नहीं राजकीय पॉलिटेक्निक में होने वाली लोकसभा चुनाव के मतगरणा स्थल को भी देखा साथ ही कहां कहां बैरीकेडिंग लगाई जाएगी, कितनी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी, इसकी भी जानकारी ली।

- निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी, दिए निर्देश

प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम में आने जाने वाले रास्तों का जायजा लिया, इसके बाद पार्किंग व्यवस्था, बैरीकेडिंग की भी जानकारी ली। सीसी टीवी कैमरों की व्यवस्था, बिजली, पानी की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी लेते हुए समय से आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए, जिससे चुनाव के दौरान किसी भी तरह की असुविधा न हो सके और चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। उन्होंने मतगणना के दिन विभिन्न दलों के लोगों के पंडाल कितनी दूरी पर बनाए जाएंगे, मतगणना स्थल पर आने जाने वाले राजनैतिक दलों को पास जारी किए जाने के बाबत भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मुस्लिम वोटों पर टिकी हैं सपा-बसपा की निगाहें

कार्यालय संवाददाता, महोबा




- मुस्लिम मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए ताना-बाना बुन रहे हैं प्रमुख दल

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के शुरुआती दौर में ही भाजपा को छोड़कर सभी प्रमुख राजनैतिक दलों की नजर मुस्लिम वोट बैंक पर अटक गई है। बसपा और सपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी मुस्लिम मतदाताओं को अपने अपने पक्ष में करने के किए तानाबाना बुनने जुट गए हैं। इन दलों के प्रत्याशी मुस्लिम मतों को अपने पाले में लाने के लिए मौलानाओं और मौलवियों से संपर्क कर रहे हैं। हालांकि मुस्लिम मतदाता फिलहाल खामोशी अख्तियार किये हुए है।

लोकसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस सपा का गठबंधन हो जाने से गंठबंधन प्रत्याशी के हौसले बुलंद हैं। वहीं बसपा प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित भाजपा के परंपरागत वोट में सेंध मारी करने में जुटे हुए हैं, जिससे ब्राहम्ण दलित गठजोड़ के साथ साथ अब वह मुस्लिम मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए है और वह कोई भी मौका छोड़ना नही चाहते हैं, इससे भाजपा की बेचैनी बढ़ती जा रही है। मुस्लिमों का फिलहाल रुझान अभी तक किसी के पक्ष में नहीं बन पाया है, लेकिन इस बात के पूरे आसार हैं कि भाजपा को कड़ी टक्कर देने वालों के साथ ही मुस्लिम मतदाता अपना रुख कर सकता है, अभी तक वह शांत बैठा है। मुस्लिम मतदताओं द्वारा पत्ते न खोले जाने से सपा, बसपा के प्रत्याशी भी पसोपेश में है।

नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद भी प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों ने मुस्लिमों को लपकने में बढ़चढ़ कर हाथ पांव मारने शुरू कर दिये हैं। सपा कांग्रेस गठबंधन और बसपा ने इसे लेकर होड़ मची हुई है। इन दलों के ज्यादातर प्रत्याशी मुस्लिम धर्म गुरूओं से भी संपर्क करने आर्शीवाद भी ले रहे हैं। देवबंदी और बरेलवी मुसलमानों से भी संपर्क किया जा रहा है। भाजपा छोड़ सभी प्रमुख दल मुस्लिम मतदाताओं को रिझाने में जुटे हुए हैं।

# तांत्रिक हत्याकांड में पति-पत्नी गए जेल

कार्यालय संवाददाता, महोबा


जिला अस्पताल में डॉक्टरी परीक्षण कराने पहुंची आरोपी महिला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तीन दिन पहले तांत्रिक की हुई हत्या का श्रीनगर पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया है। तांत्रिक की हत्या करने वाले पति पत्नी को पुलिस ने आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार भी कर लिया है। तांत्रिक की झाड़फूंक के दौरान महिला से नजदीकियां बढ़ने पर उसके पति ने पत्नी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

दो मई को थाना श्रीनगर क्षेत्र के ग्राम ननौरा निवासी तांत्रिक पप्पू सेन (45) का शव उसी के घर से एक किमी.दूर कुएं के अंदर बोरे में मिला था। तांत्रित हत्याकांड को लेकर मृतक के पुत्र जितेंद्र सेन ने श्रीनगर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसका पिता एक विवाह समारोह में शामिल होने की बात कहकर एक सप्ताह पहले घर से गया था, जो लौटकर नहीं आया। बेटे की तहरीर देने के दो दिन बाद ही कुएं में तांत्रिक का शव मिलने पर पुलिस ने शव को बाहर निकालने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

हत्याकांड के खुलासे के लिए एसपी अपर्णा गुप्ता ने टीम गठित की थी। टीम तांत्रिक के हत्यारों तक पहुंच गई और पूछताछ की गई लेकिन उन्होंने साफ इंकार कर दिया। पुलिस ने जब अपने तरीके से पूछताछ की तो पति पत्नी ने तांत्रित की हत्या स्वीकार कर ली। थाना प्रभारी श्रीनगर ने बताया कि

- ठाकुरदास की पत्नी से जबरन संबंध बनाने की कोशिश कर रहा था तांत्रिक

तांत्रिक का सैलामाफ गांव निवासी ठाकुरदास के घर आना जाना था। पप्पू सेन ठाकुरदास के घर में झाड़फूंक का काम करता था। धीरे धीरे तांत्रिक ठाकुरदास की पत्नी से नजदीकियां बढ़ाने लगा। 25 अप्रैल को पप्पू सेन शराब के नशे में रात के समय ठाकुरदास के घर जा पहुंचा और उमादेवी से अश्लील हरकत कर जबरन संबन्ध बनाने की कोशिश करने लगा, इसी बीच महिला का पति ठाकुरदास आ गया और पति पत्नी ने मिलकर तांत्रिक पप्पू सेन की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी और घटना को छुपाने के लिए शव को बोरे में भरकर बाइक से पति पत्नी मृतक के गांव के समीप बने एक कुएं में फेंक आए थे।

# चचेरे भाई को बचाने के लिए कुएं में कूदे युवक की हुई मौत

**महोबा।** ग्राम मझलवारा निवासी दीपक कुमार अनुरागी अपने खेत पर था इस समय उसका चचेरा भाई कुएं में पानी भरने गया था पानी भरते समय अचानक वह कुएं में गिर गया चचेरे भाई को बचाने के चक्कर में दीपक भी कुएं में कूद गया, लेकिन दीपक अनुरागी भी तैरना नहीं जानता था, जिससे दोनों भाई डूबने लगे खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने कुएं में उतरकर दोनों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने दीपक अनुरागी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि उसके चचेरे भाई की हालत में सुधार बताया जा रहा है। दीपक की मौत ककी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

# आरोग्य मेले में 163 मरीजों की हुई जांच

संवाददाता कार्यालय, महोबा



आरोग्य मेले में मरीजों की जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्साधिकारी आशाराम के निर्देश में विकासखंड जैतपुर के ग्राम अजनर, खमा और अकौना में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में 163 मरीजों का इलाज किया गया। आरोग्य मेले में ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी, सुबह से ही ग्रामीण मरीजों को लेकर मेले में पहुंचे, जहां पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पहले मरीजों का पंजीयन किया, इसके बाद उपचार किया गया। बेलाताल के चिकित्साधीक्षक अशीष ने अपनी टीम के साथ मरीजों का उपचार किया व दवाएं वितरित की।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के चिकित्साधीक्षक आशीष तिवारी के नेतृत्व में आरोग्य मेला का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम अजनर, खमा और अकौना के स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजनर में डॉ अशीष तिवारी की मौजूदगी में 55 मरीजों का उपचार किया गया। ग्राम आकौना 56 मरीजों का परीक्षण किया गया। ग्राम खमा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की उपस्थिति में 52 मरीजों का उपचार किया।

- जैतपुर ब्लॉक के तीन गांवों में आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के आयोजन की जानकारी लगते ही आसपास के ग्रामीण अंचलों के तमाम ग्रामीण उपचार कराने के लिए सुबह से पहुंच गए। मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया गया। तीनों जगह हुए आराग्य में मेले में डॉ. पीएन शर्मा, डॉ. हिमाशी सिंह, डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. जेपी पस्तोर, डॉ. आशुतोष सोनी, डॉ. सौनीता सिंह, फार्मासिस्ट सुरेंद्र कुमार, एएनएम नीतू आदि मौजूद रहीं।

# उधार का पैसा मांगने पर मिली जान की धमकी

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम मुढ़ारी में चचरे भाई द्वारा कबाड़ की दुकान खोले जाने के नाम पर एक ग्रामीण द्वारा एक लाख यह कहकर लिए गए कि पैसा वापस कर नहीं कर पाउंगा तो उसके एवज में सेकेंड हैंड फोर व्हीलर दे दी जाएगी, लेकिन ग्रामीण द्वारा न तो पैसा दिया गया और न ही चार पहिया वाहन दिया गया। पीड़ित के भाई ने कोतवाली पुलिस को दबंग के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुढ़ारी निवासी देवेंद्र कुमार राठौर ने

- पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर की जा रही है जांच

कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके चचेरे भाई सचिन से ग्राम जैतपुर निवासी सुभान मंसूरी ने अपने पिता रफीक की मौजूदगी में एक लाख रुपये कबाड़ की दुकान खोले जाने के लिए यह कहकर लिए थे, कि यदि वह पैसा नहीं दे सका तो इसके बदले अपनी डिजायर गाड़ी दे देंगे, लेकिन अभी तक न तो रुपये वापस किए जा रहे हैं और न ही चार पहिया वाहन देने के राजी हो रहा है, उल्टा पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं।

# बाबा साहेब की मूर्ति स्थापित कराने की मांग

**बेलाताल महोबा।** कस्बे के आंबेडकर पार्क की खाली जमीन पर आंबेडकर की मूर्ति स्थापित कराए जाने की ग्रामीणों ने मांग की है।

आंबेडकर पार्क के नाम सुरक्षित जमीन पर आंबेडकर पार्क और लाइब्रेरी बनाने की मांग कस्बे के हसमत, कोमल अनुरागी, हीरा, देशराज कुशवाहा, इकबाल कुरेंशी, हल्लू कुशवाहा, रामबाबू अहिरवार, नन्दकिशोर कुशवाहा सहित तमाम ग्रामीणों ने अधिकारियों को पत्र भेज कर की है। भेजे गए पत्र में बताया कि बस स्टैंड के पास आंबेडकर पार्क के नाम से सरकार द्वारा जमीन उपलब्ध कराई गई थी। खाली पड़ी भूमि में आंबेडकर की मूर्ति और लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाये।

# हज यात्रियों को मदरसे में दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** हज यात्रा के लिए जाने को तैयार जिले के 31 हज यात्रियों को रविवार को दारुल उलूम गौसिया रिजविया मिलकीपुरा में प्रशिक्षण दिया गया। हज यात्रियों को हज करने अरकान के बाबत जानकारी दी गई साथ ही हज यात्रियों को कब कब क्या क्या करना है इसके बाबत भी उन्हें बताया गया। कड़ाके की धूप और लू के थपेड़ों के बीच जिले भर हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्री प्रशिक्षण लेने के लिए जमा हुए।

बांदा से आए ट्रेनर हाजी गुलाम मुश्तफा ने बताया कि हज यात्री पहले सऊदी अरब के जद्दा शहर पहुंचते हैं, वहां से वो बस के ज़रिए


हज के बाबत जानकारी देते ट्रेनर।

मक्का शहर जाते हैं, लेकिन मक्का से ठीक पहले एक ख़ास जगह है जहां से हज की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू होती है। मक्का शहर के आठ किलोमीटर के दायरे से इस विशेष जगह की शुरुआत होती है। उन्होंने बताया कि हज पर जाने वाले सभी यात्री यहां से एक ख़ास तरह का कपड़ा पहनते हैं, जिसे अहराम कहा जाता है। हालांकि कुछ लोग बहुत पहले से ही अहराम पहन लेते हैं।

अहराम सिला हुआ नहीं होता है, यह सफ़ेद रंग का कपड़ा होता है। महिलाओं को अहराम पहनने की ज़रूरत नहीं होती, वो परंपरागत सफ़ेद रंग के कपड़े पहनती हैं और अपना सिर ढंकती हैं। बताया कि मक्का पहुंचकर मुसलमान सबसे पहले उमरा करते हैं. उमरा एक छोटी धार्मिक प्रक्रिया है. हज एक विशेष महीने में किया जाता है लेकिन उमरा साल में कभी भी किया जा सकता है।

हज यात्रा पर जाने वालों में

### हज यात्रियों का टीकाकरण आज

हज के लिए मक्का मदीना जाने वाले हज यात्रियों का 6 मई को शार्कइन में टीकाकरण किया जाएगा साथ ही हज यात्रियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम हज फैसिलिरेशन सेंटर 2024 के प्रभारी एवं मदसा दारुल उलूम समदिया मिशवां के प्रधानाचार्य अली वारिस की मौजूद में किया जाएगां कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ बजे से प्रारम्भ होगा। इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आशाराम द्वारा नामित टीम टीकाकरण करेगी।

- बांदा से आए ट्रेनर ने हज यात्रियों को बताईं बारीकियां

अनीस अहमद, रेहान, मुस्ताक, नाजरा, मुमताज, रसीद, सबा, अकील अहमद, सलीम अहमद, शेख वहीद, वसीर मोहम्मद, बरकत खातून, इसरार अहमद, रूबी खातून, इसराईल खान, शमशेर, शाहवाज, मुईनुद्दीन, शमीम अहमद, बाबू, नसरीन, इमाम, रिजवान सहित 31 लोग हज में शामिल हैं। इस मौके पर मदीना सोसायटी हज उमराह के ट्रेनर हाजी जाहिद अली, हाजी मुईन अहमद, हाजी सैयद मगरिवी, सैयद उमर अली, मदरसा मौलाना हाफिज खालिक और मदरसे के मुफ्ती साहब मौजूद रहे।

**समस्या** ग्रामीणों में पानी को लेकर मची मारामारी, नयापुरा नैकाना सहित कई मोहल्लों में एक सप्ताह से नहीं मिल रहा पानी

# शहर के आधा दर्जन मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, महोबा


टूटी पाइप लाइन में रखे पत्थर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जल निगम की उदासीनता के चलते शहर के आधा दर्जन मोहल्लों में पिछले एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति ठप हो जाने से लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। तेज धूप और सिद्दत भरी गर्मी के बीच लोग दूर दराज के हैंडपंपों से पानी लाने को मजबूर हैं। बावजूद इसके जल निगम पेयजल आपूर्ति नहीं कर पा रहा है, इससे लोगों में पानी को लेकर मारामारी मची हुई है।

भीषण गर्मी में पानी की बढ़ती किल्लत को देखते हुए नागरिक अपना कामकाज छोड़कर पानी के इंतजाम में सुबह से ही जुट जाते हैं। स्थिति यह है कि अन्य मोहल्लों में भी बमुश्किल आधा घंटे पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे पानी के लिए दूसरों के नलों में भी पानी नहीं मिल रहा है। गर्मी में जहां एक तरफ पानी की अधिक खपत होती है, वहीं दूसरी तरफ पानी न आने से लोगों को घंटों हैंडपंपों से पानी भरने में लग जाते हैं, इससे लोगों की दिनचर्या ही गड़बड़ा जाती है। छोटे-छोटे बच्चे परिजनों के साथ पानी भरने में जुटे रहते हैं।

शहर के मोहल्ला नयापुरा नैकाना, नैकाना, ढपलानापुरा, माथुरनपुरा, मकयिपुरा, भटीपुरा सहित आधा दर्जन मोहल्लों में पानी को लेकर हायतौबा मची हुई है। जल निगम पानी की आपूर्ति करने में नाकाम साबित हो रहा है। नयापुरा नैकाना में एक सप्ताह से एक बूंद पानी नलों में नहीं आया, जिससे सबसे ज्यादा दिक्कत यहां के वाशिंदों को हो रही है। उन्हें पानी के बिना बहुत परेशानी हो रही है। पानी की व्यवस्था करने में ही लगे रहते हैं।

वहीं जब जल निगम के अधीशाषी अभियंता से फोन पर बात करने का प्रयास किया जाता है तो फोन रिसीव नहीं किया जाता है।

### कहीं पानी के लिए मारामारी तो कहीं हो रही बर्बादी

शहर में जहां एक ओर पानी को लेकर मारा मारी मची हुई है, वहीं दूसरी तरफ विभाग की अनदेखी के चलते जगह जगह टूटी पड़ी पाइप लाइनों से पानी बर्बाद हो रहा है। टूटी पाइपलाइन से हो रही पानी की बर्बादी को रोकने के लिए लोग पत्थर रख देते हैं, इसके बाद भी सारा दिन पाइप लाइनों से पानी बहता रहता है और जल निगम इससे पूरी तरह बेखबर है, जिसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। शहर के मोहल्ला समदनगर, मुकेरीपुरा, पठानपुरा में पाइप लाइनों से पानी बहता रहता है। जल निगम द्वारा शिकायतें मिलने के बाद भी टूटी पड़ी लाइनों को ठीक नहीं कराया जा रहा है।

### पानी न आने के बाद भी वसूला जाता है बिल

शहरियों की प्यास बुझाने के लिए करीब 28 किमी . दूर उर्मिल बांध से शहर में करोड़ों रुपये खर्च कर पाइपलाइन डाली गई थी, जिससे सभी लोगों को समुचित पानी की आपूर्ति हो सके। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत श्रीनगर में फिल्टर प्लांट भी लगाया गया, जिससे लोगों को शुद्ध पानी मिल सके, लेकिन हर साल गर्मी के दिनों में यहां के बाशिंदों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है, स्थिति यह है कि कई कई माह तक चार छह बाल्टी ही पानी मिल पाता है और विभाग द्वारा बिल बराबर भेजा जा रहा है, जिससे नागरिकों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

# महाविद्यालयों में परीक्षा से पहले पाठ्यक्रम पूरा कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता, महोबा


प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते अभाविप के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना दिवसकाल से ही छात्र, राष्ट्र व समाज हित में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। परीक्षा से पहले पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं कराया जाता है, जिसको लेकर छात्रों में असंतोष पनप रहा है, जिसको लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति को संबोधित ज्ञापन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य सुशील बाबू को सौंपा।

प्राचार्य को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा 13 अक्टूबर 2023 को जारी शैक्षिक कलेंडर का अनुपालन न करके मई और जून माह की भयंकर गर्मी में परीक्षा कराने का निर्णय लेना छात्र छात्राओं के

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुलपति को संबोधित ज्ञापन प्राचार्य को सौंपा

स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना है। हीटवेव के दौरान परीक्षा देने में छात्र छात्राओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

ज्ञापन में बताया कि लोकसभा 2024 का चुनाव बुंदेलखंड में 20 मई को होना है, जिसके चलते मतदान के दिन सभी परीक्षा केंद्रों में चुनावी गतिविधियां जारी रहेंगी साथ ही शिक्षक और कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में व्यस्त हो जाते हैं, ऐसे में शिक्षण गतिविधियां प्रभावित होने के आसार बढ़ गए हैं। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से संवद्ध महाविद्यालयों में जो परीक्षा केंद्र हैं वहां बिजली, पंखे का अभाव है, ऐसे में परीक्षार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। ज्ञापन देने वालों में वीरभूमि महाविद्यालय इकाई के अध्यक्ष केके पटेल, पार्थ नगायच सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमिताभ की मिमिक्री कर कहा, 'वोट जरूर डालें'

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



मिमिक्री आर्टिस्ट जय विजय सचान।



मतदाता जागरुकता रैली निकालते भूतपूर्व सैनिक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय एवं सीडीओ चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व जनता के सहयोग से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर रविवार को मिमिक्री कलाकार जय विजय सचान ने भी सुपर स्टार अमिताभ बच्चन की आवाज की मिमिक्री कर लोगों से 20 मई को मतदान करने की अपील की।

जिला निर्वाचन अधिकारी तथा नोडल अधिकारी स्वीप के साथ ही स्वीप कोऑर्डिनेटर द्वारा अपील, रैली, पिंक स्कूटी रैली, रिक्शा रैली, मेहंदी, पोस्टर, स्लोगन, निबंध, लेखन, भाषण, नुक्कड़ नाटक व शपथ के माध्यम से जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विद्यालय, स्वयं सहायता समूह, मनरेगा, स्वास्थ्य कर्मियों,

● स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम

दिव्यांग, बीएलओ, कोटेदार, पेट्रोल पंप, विकास कर्मी तथा अध्यापकों व मीडिया द्वारा विभिन्न माध्यमों से मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद के निवासी व कपिल शर्मा शो व सोनी टीवी कलाकार मिमिक्री आर्टिस्ट जय विजय सचान ने भी स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के मतदाताओं से मतदान दिवस 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए अपने अपने बूथ पर आकर वोट करने की अपील की है। उन्होंने सुपर स्टार अमिताभ बच्चन की आवाज की मिमिक्री कर वोटरों को लुभाया। उन्होंने जनपद की जनता के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय एवं स्वीप कोऑर्डिनेटर तथा बीएलओ के साथ अधिकारियों को धन्यवाद दिया तथा लोगों से वोट करने की अपील की है।

## वीर भूमि बुंदेलखंड कल्याण समिति ने निकाली रैली

**मौदहा(हमीरपुर)।** आगामी लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर रविवार को भूतपूर्व सैनिकों के संगठन वीर भूमि बुंदेलखंड कल्याण समिति के तत्वावधान में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली को कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गल्ला मंडी से उप जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो शहीद स्मारक तक का 2 किमी लंबा सफर तय किया। रैली में समिति के अध्यक्ष राज बहादुर सिंह, पीएल अवस्थी, अशोक सिंह, बृजलाल, रामस्वरूप, रंजन प्रसाद, सुरेश कुमार, शकील उद्दीन, जहीरुद्दीन, जयराम यादव व बसंत कुमार प्रजापति आदि सैनिक मौजूद थे। सैनिकों की टोली कड़ी धूप और गर्मी के बीच यह बस स्टैंड तहसील मार्ग मलिकुआं चौराहा, थाना चौराहा, बाजार नेशनल चौराहा होते हुए शहीद स्मारक पहुंचे जहां शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ इस अभियान को विराम दिया गया।

# पत्नी के सीने पर पेंचकस से गोदा अपना नाम, प्लास से नोचे नाखून

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कालपी थाना क्षेत्र के जोल्हूपुर गांव में एक पति ने वहशीपन की सारी हदें पार कर दीं। तीन मई को उसने पत्नी पत्नी के सीने पर गर्म पेंचकस से अपना नाम गोद दिया और प्लास से उंगलियों के नाखून नोच दिए। पत्नी ने इसकी जानकारी माता-पिता को दी। सूचना पर पहुंचे माता-पिता भाई, युवती को ससुराल से निकालकर व पति एवं ससुर को बंधक बनाकर सुमेरपुर थाने ले आए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के बांक गांव निवासी चेतराम कुशवाहा ने अपनी बेटी भगवती (22) का विवाह 17 अप्रैल 2023 को झलोखर में आयोजित सर्वजातीय सामूहिक

● पति ने पार की वहशीपन की सारी हदें



विवाह सम्मेलन से जालौन जिले के कालपी थाना क्षेत्र के जोल्हूपुर निवासी लालता प्रसाद कुशवाहा के पुत्र मनोज कुमार (25) के साथ किया था। थाने में मौजूद पत्नी ने बताया कि 3 मई को पति ने उसके सीने पर गर्म पेंचकस से अपना नाम लिख दिया और प्लास से हाथ की उंगलियों के नाखून नोच दिए। इसके अलावा उसने अन्य शारीरिक यातनाएं भी दीं। उसने घटना की जानकारी पिता को दी। चार मई को माता-पिता, भाई अन्य परिजनों के साथ जोल्हूपुर पहुंचे और बेटी की हालत देखकर क्रोध से भर गए।

वे लोग बेटी को ससुराल से निकालकर उसे साथ लेकर गांव आए। साथ ही उसके पति एवं उसके ससुर को भी पकड़ लाए। उन्होंने थाने में घटना की तहरीर देते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद पति को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। पति से पूछताछ की जा रही है। दोनों पक्षों के मध्य सुलह समझौते की बात हो रही है। समझौता न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अधिकारियों के आश्वासन के बाद चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस

## बिजली के तार न खींचे जाने से श्रीपत प्रजापति डेरा के लोगों ने लिया था फैसला

संवाददाता, मुस्करा(हमीरपुर)



मतदान कार्मिकों का रैंडमाइजेशन करते प्रेक्षक प्रियंका दास व डीएम राहुल पांडेय।

**अमृत विचार।** पिछले तीन वर्ष पूर्व गाड़े गए बिजली के खंभों में तार न खींचने के विरोध में श्रीपत प्रजापति डेरा के लोगों ने लोकसभा चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया था। इस खबर पर प्रशासन के अधिकारियों ने एक हफ्ते के अंदर लाइन खिंचवाकर बिजली पहुंचाने के आश्वासन दिया, जिस पर डेरा के लोगों ने फिलहाल फैसला वापस ले लिया है।

विकासखंड की ग्राम पंचायत बिहुनी खुर्द के श्रीपत प्रजापति नाम के डेरा तक 3 वर्ष पूर्व बिजली के खंभे विद्युत विभाग ने खड़े कर दिए थे, लेकिन आज तक उनमें तार न खींचे जाने से डेरा तक लाइट नहीं पहुंची है। इसके विरोध में डेरा के सभी लोगों ने लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार करने का ऐलान किया था।

इसकी जानकारी होने पर जिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी राठ व थाना निरीक्षक मुस्करा

● तीन साल पहले विभाग ने डेरा तक खड़े किए थे पोल

के साथ नायब तहसीलदार एवं विद्युत विभाग के अवर अभियंता डेरा में पहुंचे व जांच की। जांच में शिकायत को सही पाया गया। इस पर अधिकारियों ने लिखकर दिया कि एक सप्ताह में विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था डेरा तक कर दी जाएगी। साथ ही 6 माह के अंदर सौभाग्य 3 योजना के अंतर्गत डेरा का विद्युतीकरण किया जाएगा। यह भी बताया कि इस डेरा का प्रस्ताव श्रीपत के पुत्र दयाराम प्रजापति के डेरा के नाम से इस योजना में प्रस्तावित भी है, जो जनपद की इस योजना की सूची में क्रमांक 38 पर दर्ज है। डेरा के लोगों का कहना है कि इस योजना में इस डेरा का प्रस्ताव 3 वर्ष पूर्व ही भेजा जा चुका था। लेकिन आज तक कार्य नहीं कराया गया। अधिकारियों ने आश्वासन के बाद डेरा के लोगों ने मतदान बहिष्कार के निर्णय को वापस ले लिया है।

## मतदान कार्मिकों का द्वितीय रैंडमाइजेशन हुआ

**हमीरपुर।** सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास की अध्यक्षता में जनपद में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित एनआईसी कार्यालय में प्रात: 10 .00 बजे संपन्न हुआ। मतदान कार्मिकों का उक्त रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित ईपीडीएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। निर्वाचन कराये जाने के लिए रिजर्व सहित 988 पीठासीन अधिकारी, 988 मतदान कार्मिक प्रथम, 988 मतदान कार्मिक द्वितीय, एवं 988 मतदान कार्मिक तृतीय चिह्नित किए गए हैं। इस प्रकार कुल 3952 मतदान कार्मिक चिन्हित किए गए हैं। रेंडमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ .नागेन्द्र नाथ यादव, जिला विकास अधिकारी एके श्रीवास्तव सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रक पलटने से खलासी की दबकर मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● तीन टोला खंगारन गांव से मौरंग लादकर जा रहा था ट्रक

● रफ्तार तेज होने से रिहुंटा चौकी के पास हुआ बेकाबू

**अमृत विचार।** धसान नदी किनारे बसे चिकासी थाने के टोला खंगारन गांव से ट्रक में मौरंग भरकर ला रहा ट्रक राठ उरई मार्ग पर रिहुंटा पुलिस चौकी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के पलटने से उसमें सवार खलासी की दबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद जिले के जसराना तहसील के झपारा गांव निवासी राहुल पुत्र महिपाल सिंह ट्रक में खलासी के तौर पर कार्य करता था। शनिवार को वह चालक के साथ चिकासी थाने के टोला खंगारन गांव में संचालित मौरंग खदान से अपने ट्रक में बालू लोड कराने के लिए आया हुआ था। ट्रक में मौरंग लोड करवा कर वापस लौटने के दौरान रास्ते में बंगरा मार्ग



राहुल का फाइल फोटो।

पर रिहुंटा चौकी के पास अचानक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें सवार ट्रक चालक शीलेंद्र ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। खलासी राहुल की ट्रक के नीचे दबकर मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि राहुल ट्रक में खलासी का काम करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी मोहिनी, मां रुक्मणी और बहन सुमन के अलावा पुत्री प्राची और पुत्र आयुष सहित अन्य परिजनों को छोड़ गया है।

## अनियंत्रित बाइक फिसली युवक की हालत गंभीर

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कुरारा भौली मार्ग पर शेखूपुर तिराहे के पास अनियंत्रित बाइक फिसल गई। हादसे में 40 वर्षीय युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। भटपुरा जलाला गांव निवासी मूलचंद (40) पुत्र लक्ष्मण शनिवार शाम कस्बे से गांव जा रहा था। तभी कुरारा भौली मार्ग में शेखूपुर तिराहे के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# चोरों ने पार किए 50 हजार नकदी, जेवरात

**मौदहा (हमीरपुर)।** बिवांर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की नाक में दम कर दिया है। एक बार फिर चोरों ने करगांव में एक मकान में घुसकर 50 हजार की नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए।

बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम करगांव निवासी सुशीला पत्नी ओमप्रकाश ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि हर दिन की भांति वह अपने परिवार के साथ खाना खाकर सो गई थी। तभी देर रात चोरों ने घर में घुसकर अलमारी में रखे 50 हजार रुपये की नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। सुबह घटना की जानकारी हो सकी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में बिवांर थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# ईवीएम रखने के लिए नोडल अधिकारी नामित

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम मैनुअल 20 मई को होने वाले मतदान के पहले 19 मई को विधानसभा वार तहसील मुख्यालय पर रिजर्व ईवीएम/वीवी पैट सुरक्षित रखे जाने के लिए स्ट्रांग रूम चिह्नित करने के साथ ही नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय ने बताया कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की सदर तहसील, मौदहा, राठ व सरीला में स्ट्रांग रूम के लिए नामित सभी अधिकारियों को प्रत्येक विधानसभा के लिए आरक्षित ईवीएम मशीनों के नामित अधिकारियों द्वारा 19 मई को पोलिंग पार्टियों की रवानगी के उपरान्त जीपीएस युक्त वाहनों में सुरक्षा के साथ चिह्नित स्ट्रांग रूमों के डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाएगा। इसके बाद मतदान दिवस के दिन प्रातः चार बजे सम्बन्धित सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट को आरक्षित/रिजर्व मशीन प्राप्त कराई जाएगी।



राठ में धू-धूकर जलता ट्रक। अमृत विचार

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर ट्रक जला

**राठ(हमीरपुर)।** शनिवार की शाम करीब साढ़े सात बजे मझगवां थाने के अटगांव नहर के पास से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर ट्रक में आग लग गई। चालक व खलासी ने किसी तरह ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रक धू धूकर जलने लगा। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पानी डाल आग पर काबू पाया। तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गया।

# पवन कुमार श्रीवास्तव बने डीआईओएस

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



डीआईओएस पवन कुमार श्रीवास्तव।

**अमृत विचार।** जनपद में तैनात रहे जिला विद्यालय निरीक्षक केके ओझा बीते 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए थे। शिक्षा निदेशक माध्यमिक के आदेशानुसार मुख्यालय के राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के पद पर तैनात पीईएस अधिकारी पवन कुमार श्रीवास्तव को डीआईओएस का कार्यभार भी प्रदान किया गया है। जनपद के शिक्षा विभाग से जुड़े प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं स्टाफ ने उन्हें इस नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही शिक्षक अरुण भदौरिया ने बताया कि इसके पूर्व में पवन कुमार श्रीवास्तव राज्य परियोजना कार्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ में विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही इनके नेतृत्व में कॉलेज ऑफ टीचर प्रयागराज द्वारा कक्षा 9 व 10 की सामाजिक विज्ञान विषय की शिक्षक संदर्शिकाओं का निर्माण और कक्षा 6 से 8 में सामाजिक विषय की विषयवस्तु निर्माण एवं विज्ञान विषय में सम्मिलित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषयवस्तु के निर्माण में अहम भूमिका रही है। राजकीय इंटर कॉलेज में कार्यभार ग्रहण करते ही राजकीय इंटर कॉलेज के 150 वर्षों के इतिहास में पहली बार सत्र 2024-25 में बालक-बालिकाओं के लिए सह शिक्षा की व्यवस्था की गई। जिससे सुयोग्य शिक्षकों द्वारा नियमित कक्षाओं का संचालन कर छात्राओं को निशुल्क शिक्षा प्राप्त हो सके।

# आग लगने से तीन पशु बाड़े जलकर हुए खाक

संवाददाता,कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पारा गांव में रविवार की दोपहर 12 बजे अज्ञात कारणों के चलते गांव के लाल मोहम्मद, सिद्धा, गनी बेग के पशु बाड़े के छप्पर में आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों को उठते देख गांव के ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड व डायल 112 की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग



पशुबाड़े में लगी आग को बुझाते ग्रामीण।

पर काबू पाया। ग्राम प्रधान संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि तीन लोगों के पशुबाड़े के छप्पर में आग लग जाने से लकड़ी, कंडे जल गए हैं।

# मंडी के अंदर एक भाग में लगी आग

**मौदहा(हमीरपुर)।** मंडी समिति के वृक्षारोपण वाले एक बड़े भाग में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे परिसर में धुआं ही धुआं छा गया। व्यापारियों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। दमकल गाड़ियों ने दोपहर बाद से आग बुझाने का काम शुरू किया जो देर शाम तक आग पर काबू पाया। कई वर्षों पूर्व वन विभाग ने मंडी के अंदर कुछ भाग में वृक्षारोपण किया था। जिससे यहां एक छोटा सा जंगल बन गया है। रविवार को दोपहर में अज्ञात कारण से यहां आग लग गई। आग आगे बढ़ती गई।

गर्मी ने किया पस्त | तपिश भरी गर्मी के कारण लोगों का घरों से निकलना हुआ मुश्किल, मौसम विभाग ने दो-तीन दिन में राहत की संभावना जताई

# तेज धूप व लू से जनजीवन बेहाल, चलीं गर्म हवाएं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**41** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान

**26** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान

**अमृत विचार।** तेज धूप और लू से रविवार को जनजीवन बेहाल हो गया है। रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया और दिन में 22 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलीं। गर्मी के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

दिन में कड़ी धूप होने और लू के चलने से लोग परेशान हैं। तेज हवाओं से जहां धूल उड़ रही हैं, वहीं राहगीरों का मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है। दोपहर में तेज धूप और हवा की रफ्तार बढ़ने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। लोग ज्यादा जरूरी होने पर ही बाहर निकल रहे हैं। दिनों दिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। लू का कहर भी बढ़ता जा रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान



गर्मी से राहत पाने के लिए गन्ने का जूस पीता बच्चा। अमृत विचार

● सिर व शरीर को ढक कर बाहर निकलने की दी गई सलाह

26 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो तीन दिनों में तापमान में कुछ गिरावट देखने को मिल सकती है। उधर चिकित्सक भी लोगों को धूप और लू से बचाव के साथ-साथ पेय पदार्थों का अधिक सेवन करने की सलाह दे रहे हैं। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. आरएस प्रजापति ने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए, चश्मा पहनने और सिर व शरीर को पूरी तरह से ढक कर बाहर निकलने की सलाह दी है।



पारा पीएचसी में मरीज को देखते चिकित्सक राहुल आर्य। अमृत विचार


## बाजार व सड़क हो जाती है दोपहर में सूनी

यहां रविवार को हालात यह रहे कि दोपहर में तेज धूप व लू के कारण बाजार व सड़कें सूनी हो गई। नेशनल हाईवे के साथ अन्य सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। साथ ही दोपहर में बाजारों में भी सन्नाटा पसर जाता है। हालांकि आवश्यक कार्य के चलते ही कुछ लोग सड़कों में दिखाई देते है। वह भी अपने सिर व शरीर को ढके नजर आते है।

## बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे मरीज

**कुरारा (हमीरपुर)।** पारा गांव में लगे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में बढ़ती गर्मी से उल्टी, दस्त व पेट दर्द, बुखार के बढ़ते मरीजों की संख्या देखने को मिली। चिकित्सकों ने मरीजों का उपचार कर दवाएं वितरित कीं। पारा गांव में रविवार को नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 25 मरीज पेट दर्द, बुखार, दस्त, उल्टी का उपचार कराया। ड्यूटी में तैनात चिकित्सक डॉ राहुल आर्या ने बताया कि बढ़ रहे तापमान से मरीज पेट दर्द, उल्टी, दस्त के आ रहे हैं। उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं भौली व बेरी नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्टों के भरोसे चल रहे हैं। मिश्रीपुर में एक चिकित्सक की ड्यूटी तीन दिन कुरारा रहती हैं। गर्मी के मौसम में जहां मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वहीं स्टाफ की कमी से मरीजों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने अधिकारियों से स्टा्फ की कमी दूर करने की मांग की है। मख्यमंत्री आरोग्य मेला में फार्मासिस्ट आनंद पटेल, आईटी देवेंद्र, स्टाफ नर्स रश्मि आदि लोग मौजूद रहे।

## गर्मी के चलते आरोग्य मेले में नहीं पहुंच रहे मरीज



**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** आरोग्य मेला में भीषण गर्मी का असर देखने को मिला और अस्पतालों में बहुत कम संख्या में मरीज पहुंचे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ .पुष्पेंद्र ने बताया कि आरोग्य मेला में सुमेरपुर में 55,पौथिया में 29,पचखुरा बुजुर्ग में 31, विदोखर में 33, मौहर में 53 व पत्योरा में 42 लोगों का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि गर्मी के चलते ज्यादातर मरीज उल्टी दस्त व मामूली बुखार के मरीज आए। उन्हें दवाएं उपलब्ध कराई गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण

पत्राक: 145 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2024-25/ दिनांक: 03/05/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साधना दीक्षित पुत्री रामलखन | श्री रामलखन पुत्र प्रतापनारायण | मियांपुरा अतरौली | 09 | 746 | पंजीकृत दान पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर**

# भाजपा, सपा और बसपा ने प्रचार में झोंकी ताकत

## घर-घर जाकर लोगों से कर रहे संपर्क, एक-दूसरे की खामियां गिनाकर मांग रहे वोट

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** लोकसभा-2024 चुनाव के मतदान की तिथि 20 मई जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे विभिन्न दलों का चुनाव अभियान तेज हो गया है। सत्ताधारी भाजपा के कालपी नगर के बूथ अध्यक्ष, शक्तिकेंद्र प्रभारी, मंडल कार्यकारिणी, जनप्रतिनिधि, समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा सभी 25 बार्डों में चुनावी अभियान के तहत सुबह 6 बजे से 10 बजे तक घर-घर मतदाताओं से जनसंपर्क किया जा रहा है। नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविन्द यादव, अशोक वाजपेई, विधायक प्रतिनिधि आशू चतुर्वेदी, अमित पांडेय, अरविंद राठौर, ब्रह्मा सिंह यादव, कृष्ण गौतम, राजन सिंह चौहान, नवीन गुप्ता, मुन्ना चौधरी, मयंक श्रीवास वंदना गुप्ता, राजयोगिनी रजनी पाल राघवेंद्र सिंह जादौन, सौरभ गुप्ता, ज्योति विश्वकर्मा, अतुल चौहान आदि कार्यकर्ता भाजपा का पत्रक बांटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं तथा उपलब्धियों को बता रहे हैं। इसी तरह सपा गठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर अध्यक्ष अजीत यादव के नेतृत्व में घर घर जाकर मतदाताओं को प्रभावित करने में कार्यकर्ताओं ने ताकत झोंक दी है। कार्यालय की जिम्मेदारी जिला सचिव कल्लू सिंह यादव काशी खेड़ा सम्भाले हैं। जिला उपाध्यक्ष समर सिंह चौहान गुड्डू पूर्वी ब्लॉक प्रमुख तथा विधानसभा अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाहा पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह सरसेला दिन रात प्रचार में जुटे हैं। बहुजन समाज पार्टी ने शनिवार को अपने कार्यालय का उद्घाटन करके चुनाव प्रचार का आगाज किया है। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि जगजीवन अहिरवार, नगर पालिका अध्यक्ष के प्रत्याशी रहे दीवान अतीक सिद्दीकी, राजेश गौतम, सुलेमान, परवेज कुरैशी एडवोकेट, जिया दीवान आदि कार्यकर्ताओं ने लोकसभा सीट को जीतने के लिए पूरी ताकत से जुटने का आव्हान किया है।


प्रचार करते भाजपा प्रत्याशी व समर्थक। अमृत विचार


प्रचार करते बसपा प्रत्याशी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

### बसपा ने कालपी में खोला चुनाव कार्यालय

उरई ( जालौन)। लोकसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी ने क्षेत्रीय चुनाव कार्यालय कालपी में खोला है। कार्यक्रम के तहत लोकसभा प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम, झांसी मंडल कॉर्डिनेटर ब्रजेश जाटव, झांसी मंडल कॉर्डिनेटर, छुन्ना पाल झांसी मंडल कॉर्डिनेटर, जगजीवन अहिरवार, कालपी विधान सभा प्रभारी अतर सिंह पाल जिला पंचायत सदस्य अकबरपुर इटौरा, जगदीश प्रजापति पूर्व मंत्री ने गौतम बुद्ध व बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी ने की। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी में दलितों, शोषितों ,वंचितों, मजदूरों, मुसलमानों पर अत्याचार किया गया है। प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम ने कहा कि अगर आप सभी का प्यार आशीर्वाद मिला तो संसदीय क्षेत्र में अनेकानेक काम होंगे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुदामा चौहान, सतीश चन्द्र श्रीवास, दिलीप कुमार, सुरेश पाल, अरविन्दपाल, गुलाब सिंह पाल,आदेश कुमार भंते, संजय राय, विनोद पाल, जगराम पाल आदि मौजूद रहे।

# घोषणापत्र के वादे गिनाकर मांगे वोट

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** वार्ड नंबर 23 तुलसी नगर पश्चिम समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जीवन के आवास पर सभी गठबंधन के नेता एकत्रित हुए तथा बसपा प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार के पक्ष में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर अपने चुनाव घोषणा पत्र की पांच न्याय और 25 गारंटी के बारे में लोगों को बताया। कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही गरीब परिवार की महिलाओं के खाते में 1 लाख रुपया प्रति वर्ष आएगा, 50 परसेंट आरक्षण गारंटी के साथ लागू होगा। वहीं दूसरी ओर 30 लाख केंद्र सरकार की नौकरियां रिक्त पढ़ी हुई हैं जिनको अपने कैलेंडर अनुसार तुरंत भरा जाएगा। 30 लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा और फॉर्म भरते टाइम शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। बेरोजगार छात्रों को 1 साल तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान 1लाख रुपया उनको दिया जाएगा और नौकरी की गारंटी होगी। सामान्य किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। एमएसपी पर कानून बनाया जाएगा, स्वामी रंगनाथन की रिपोर्ट के अनुसार सारी सुविधाएं दी जाएंगी। आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति, हर वर्ग की गिनती कराई जाएगी। यह अवसर पर डॉक्टर रेहान सिद्दीकी, इमरान उल्ला खान, अशोक गुप्ता, अयूब अंसारी, चौधरी श्याम सुंदर, केके गहाई, मतहर अंसारी, गिरेंद सिंह कुशवाहा, गुलाब खान, ज्ञानेंद्र निरंजन, हाजी अल मंसूरी, बाबू खान, मोहम्मद तारिक, शादाब सिद्दीकी सभासद, शशिकांत वर्मा, हीराचंद्र हौसला, आरएल विश्वकर्मा, राजकुमार वर्मा, मोहम्मद अमीन खान, धीरज सिंह यादव, मुख्तार माइकल, राकेश सिपोलिया, नूरी बानो, रेखा परिहार, भूप सिंह पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका, शहाबुद्दीन,गोपाल गहोई, अजय गौतम योगा, जावेद खान, मुन्ना अंसारी सभासद, जुबेर आलम, गुड्डू रिजवी, मोहम्मद रहबर, लाखन सिंह यादव, राजवीर वेद, प्रकाश यादव, विनोद कुमार श्रीवास्तव, अमरीश, प्रताप यादव बजरिया, उमेश यादव, सत्य प्रकाश यादव, राजेश बुधौलिया, जब्बार शाह, गोविंद सिंह विश्वकर्मा, वीरेंद्र सिंह यादव, प्रहलाद सिंह आदि मौजूद थे।


जनसंपर्क करते इंडिया गठबंधन के नेता। अमृत विचार

● इंडिया गठबंधन के नेताओं ने किया जनसंपर्क

# मतदान कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए तैनात माइक्रो आब्जर्वर प्रथम व मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय व सामान्य प्रेक्षक प्रदीप गावंडे केशोराव की मौजूदगी में एनआईसी सभागार में किया गया। एनआईसी कक्ष में विधानसभावार मतदानदलों के गठन के लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन के साथ माइक्रो आब्जर्वर प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि जनपद में मतदान कार्मिकों की तैनाती 10 प्रतिशत आरक्षित सहित कुल 1622 मतदानदल बनाते हुए, 175 माइक्रो आब्जर्वर विधानसभावार चयन किए गए। इनका प्रशिक्षण शीघ्र कराया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि द्वितीय रेंडमाइजेशन में 10 प्रतिशत आरक्षित करते हुए पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी और तृतीय मतदान अधिकारी प्रत्येक के 1622 कार्मिकों का चयन करते हुए कुल 6488 कार्मिकों का चयन किया गया है, साथ 175 माइक्रो आब्जर्वर का चयन किया गया।

उन्होंने बताया कि 8 मई को माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से 1 तक तथा मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 9 से लेकर 14 मई तक दो पालियों में राजकीय मेडिकल कॉलेज के थिएटर हाल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर उप निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, डीआईओ एनआईसी दीप निगम व बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश आदि अधिकारी मौजूद रहे।



मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण देते जिला निर्वाचन अधिकारी व सामान्य प्रेक्षक।

# खेतों में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद बुझी

कालपी(जालौन)

**अमृत विचार।** रविवार को कालपी तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में खेतों में आग लगने की घटनाएं हो गईं। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मी दिनभर जुटे रहे। रविवार की सुबह 10 बजे ग्राम मगरौल में खेत के खड़ी ठंडलों में भीषण आग लग गई ।

सूचना मिलते ही पानी से भरा अग्निशमन वाहन लेकर दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गये। इसके बाद उसरगांव में भी आंग लगने की घटना हो गई। अग्निशमन प्रभारी महेंद्र बाजपेई दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम गुलौली के अकबराबाद में आग लगने की सूचना पर दमकल कर्मियों गांव पहुंचे तथा लगी आग को बुझाया। इस साल गर्मियों के मौसम में बढ़ती आग की घटनाओं से नागरिकों को बेचैन कर रख दिया गया। इस सप्ताह जगह जगह आग लगने की वजह से दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे रहे। दमकल कर्मियों को अलग-अलग स्थानों में लगी आग को बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।


धू-धू कर जलती नरई। अमृत विचार

● कालपी के मगरौल और गुलौली के अकबराबाद का मामला

## 17 को रवाना होगा हज यात्रियों का जत्था

**कालपी(जालौन)।** ढेड़ दर्जन हज यात्रियों का जत्था 17 मई को पवित्र मक्का मदीना के लिए रवाना होगा। जालौन के हज यात्रियों को ले जाने वाली फ्लाइट 17 मई की सुबह 7 अमौसी हवाई अड्डे लखनऊ से उड़ान भरेगी। सभी यात्री राजकीय हज हाउस लखनऊ में रुकेंगे। पासपोर्ट वीजा स्वास्थ्य आदि अभिलेखों की भी जांच पड़ताल होगी। कालपी से हज यात्रा पर जाने वालों में अनवार होटल वाले व उनकी पत्नी निवासी मोहल्ला रामचबूतरा, जान मोहम्मद परचून वाले निवासी मोहल्ला मिर्जामंडी, इल्यास उर्फ लल्लू मुल्ला जी कपड़े वाले मोहल्ला मिर्जामंडी, लल्लन खान लकड़ी वाले मोहल्ला राजेपुरा, मुस्तफा राईन हरीगंज आदि हैं। मुसाफिरों से मुलाकात करने का सिलसिला चालू हो गया है। सभी की जुबान से यही नारा- मदीने वाले से मेरा सलाम कहना।

## सार-संक्षेप

### बसपा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी बने स्टार प्रचारक

**उरई (जालौन)।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी को जालौन-गरौठा व भोगनीपुर लोकसभा सीट के लिए स्टार प्रचारक नियुक्त कर उन्हें वाहन पास जारी किया गया। वाहन पास में मनीष शुक्ल संयुक्त मुख्य निर्वाचन उत्तर प्रदेश लखनऊ के हस्ताक्षर से जारी किया गया है।


धीरेन्द्र चौधरी।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**उरई।** रविवार शाम चार बजे कानपुर-झांसी हाइवे पर बाइक सवार की अज्ञात वाहन की टक्कर मार दी, जिससे गंभीर रूप से घायल लहूलुहान बाइक सवार भीषण गर्मी में घंटों रोड पर पड़ा रहा। आस पास कोई बस्ती और दुकान इत्यादि न होने से तड़फता रहा। बाद में किसी राहगीर ने घायल को देख डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर एट थानाध्यक्ष अजय सिंह मौके में पहुंचे और एंबुलेंस बुलाकर घायलों को जिला अस्पताल उरई पहुंचाया,बेहोश बाइक सवार की मोटर साइकिल पुलिस ने कब्जे ले ली है।

### रैली निकाल कर मतदाताओं को किया जागरूक

**उरई।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चमारी पंचायत में रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत चमारी प्रधान बृजेश कुमार गौतम व ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार सोनी, जूनियर स्कूल के प्रिंसिपल संजय दुबे, सहायक अध्यापक विनीत कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माधुरी व उप स्वास्थ्य केंद्र राठौर और स्वच्छता पंचायत कर्मी गजराज सिंह व ग्रामीण शिवराम वर्मा, परमलाल वर्मा, सुरेंद्र आदि शामिल हुए। रैली प्राइमरी, जूनियर कंपोजिट स्कूल से शुरू होकर गांव के गली-मोहल्लों से होकर गुजरी।

# गीता के प्रभाव से जीवन संस्कारवान होता है

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** तरीबुल्दा कालपी में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण में राम और श्याम जी महाराज ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती और अधर्म का बोलबाला होता है तब तब प्रभु नारायण कभी कृष्ण रूप में कभी राम रूप में तो कभी हरि रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं।

अधर्म का नाश करते हैं । जब मथुरा क्षेत्र में कंस का दुराचार और भ्रष्टाचार पूरी तरह फैल गया तब पृथ्वी कांप उठी फिर प्रभु नारायण ने कृष्ण का रूप धारण करके कंस का वध किया और पृथ्वी के पापियों का नाश करके प्रभु ने पुनः धर्म की स्थापना की। गौगीता और गंगा पर प्रकाश डालते हुए महाराज ने बताया की गौमाता की पूजा करने से, गौमाता की सेवा करने से बिहारी जी प्रसन्न होते हैं और मनोकामनाएं पूरी करते हैं पर आज गौ माता पर हो अत्याचार हो रहे हैं उनकों देखते हुए राम और श्याम जी महाराज ने बताया की प्रत्येक भारतीय नागरिक का ये कर्तव्य है की तन मन धन से जितना बन सके गौमाता की सेवा करनी चाहिए। क्योंकि कृष्ण कन्हैया को गौमाता बहुत प्रिय हैं। उन्होंने महापुराण गीता के बारे में बताया कि प्रत्येक युवा को गीता अवश्य पढ़नी चाहिए, इसके प्रभाव से हमारा जीवन संस्कार मय होता है और न्याय और अन्याय की जानकारी के साथ सामाजिक संरचना का ज्ञान होता है। गंगा की महिमा का बखान करते हुए बताया कि गंगा सिर्फ एक नदी नहीं है बल्कि हम भारतीयों के लिए गौरव है। मां गंगा की पवित्रता और स्वच्छता का हम सबको संकल्प लेना चाहिए। कालपी धाम के प्राचीन मंदिर भीमसेनी हनुमान मंदिर में चल रही भगवद कथा के पांचवें दिन भक्तों ने भक्ति और ज्ञान के सरोवर में गोते लगाए। कथा स्थल भीम सेनी हनुमान मंदिर के संबंध में मान्यता है कि पांडव कालीन इस मंदिर को स्वयं भीम ने स्थापित किया था, इस स्थान का विशेष।


भागवत कथा श्रवण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

● तरीबुल्दा कालपी में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा

## एसपी से शिकायत कार्रवाई की मांग

**उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरारखेरा निवासी शब्बीर ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया कि उसकी झांसी चुंगी स्थित एसी रिपेयरिंग की दुकान है दो दिन पूर्व दुकान पर काम कर रहा था।

तभी रामनगर निवासी उसकी दुकान के सामने पेशाब करने लगा। जब उसने मना किया तो वह अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद उसने कई साथियों को बुला कर दुकान में तोड़फोड़ की, और मना करने पर उसके सिर पर लोह की रॉड से हमला कर दिया। इससे उसका सिर फट गया।

# रेलवे अंडरपास से निकलना हुआ मुश्किल

संवाददाता,कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** रेलवे विभाग की उदासीनता के कारण कालपी तथा आसपास के रेलवे अंडरपास के हालात ठीक नहीं है। अंडरपास की बदहाल सड़क तथा अंधेरा होने के कारण लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है।

विदित हो कि ब्रिटिश शासन काल में रेलवे अंडरपास को स्टेशन के नजदीक बनाया था। इस अंडरपास को रेलवे लाइन के दोहरीकरण कार्यों के दौरान 2 वर्ष पहले दुगना से अधिक कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार तिवारी, अधिवक्ता जयवीर सिंह यादव ने बताया कि अंडरपास के दोनों साइड में सड़क की पटरियां में कटाव तथा सड़क हमेशा पानी से बजबजाती रहती है। अंडरपास में अंधेरा होने की वजह से रात में दुर्घटना या आपराधिक घटना होने का भय सताता रहता है।

मालूम हो कि अंडरपास की एक ओर कालपी नगर के 24 वार्ड हैं। जबकि दूसरी साइड में तरीबुल्दा मोहल्ला, तहसील न्यायिक भवन, इंडस्ट्रियल एरिया के अलावा रायड़ दिवारा, गुलौली, सुरौली सहित कई गांवों जाने का रास्ता है, जिस कारण अंडरपास से आवागमन ज्यादा होता है। इसी प्रकार जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग अंडरपास की हालत बहुत दयनीय है।

रविन्द्र सिंह, चित्तर सिंह प्रधान प्रतिनिधि वीसीजोल्हूपुर, भूपेंद्र सिंह ने बताया कि अंडरपास की सड़क उखड़ गई है व अंधेरा छाया रहता है। जनहित में रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि उक्त अंडरपासों की हालत में सुधार किया जाए।


कालपी अंडरपास की बदहाल सड़क।

### अंडरपास की लाइट सप्ताह भर में हो गई थी गायब

रेलवे स्टेशन कालपी के समीप स्थित अंडरपास को 2 साल पहले रेलवे दोहरीकरण परियोजना में बढ़ाया गया था। तत्समय अंडरपास में प्रकाश व्यवस्था के लिए सात लाइटों तथा केबिल की फिटिंग की गई थी। कार्यदायी संस्था के इंजीनियर जितेंद्र सिंह ने बताया कि फिटिंग होने के दो हफ्ते के बाद लाइटों तथा केबिलों को गायब कर दिया गया था।

**किसानों को मिलेगा फायदा** | फसलों को कीट रोग से बचाने के लिए शुरू की गई सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली

# एसएमएस, व्हाट्सएप के जरिये किसान ले सकेंगे परामर्श

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** अब किसान एसएमएस और व्हाट्स एप कर फसलों को कीट रोग से बचाने के जानकारी ले सकेंगे। इसके लिए कृषि विभाग ने सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली शुरू की गई।

जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश कृषि रक्षा अनुभाग द्वारा किसानों की फसलों को कीट एवं अन्य रोगों से बचाने के लिए सहभागी फसल निगरानी एवं निदान (पीसीएसआरएस ) एक नवीन पद्धति इजाद की गई है। इसके तहत विभाग द्वारा दो 9452247111और 9452257111 मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं। जारी नंबरों पर किसान अपना नाम, ग्राम पंचायत का नाम एवं फसल का नाम और उसमें लगाने वाले कीट और रोग का विवरण उपरोक्त नंबरों में एसएमएस या व्हाट्स एप करेगा तो किसान को समस्या का समाधान 48 घंटे के अंदर भेज दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन शुरू होने में मात्र कुछ माह बचे हैं इस समय रबी फसलों की कटाई हो चुकी है खेत खाली हो चुके हैं किसान को सलाह दी जाती है कि मई-जून माह में अपने खेतों की गहरी जुताई करें इससे न केवल खेत में मौजूद हानिकारक कीट नष्ट हो जाते हैं बल्कि मौजूद फसल अवशेष सड़कर खाद बन जाती है। ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करने से मृदा की संरचना में सुधार होता है, जिससे मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ती है जो फसलों की बढ़वार के लिए उपयोगी होती है।

मृदा के अन्दर छिपे हुये हानिकारक कीड़े-मकोड़े उनके अण्डे, लार्वा, प्यूपा एवं खरपतवारों के बीज गहरी जुताई के बाद सूर्य की तेज किरणों के सम्पर्क में आने से नष्ट हो जाते हैं तथा जमीन में वायु संचार बढ़ जाता है। जो लाभकारी सूक्ष्म जीवों के वृद्धि एवं विकास में सहायक होता है साथ ही किसानों को अवगत कराना है कि मेडों पर उगने वाले खरपतवारों की साफ सफाई से किनारों की प्रभावित फसलों के बीज खाद एंव उर्वरकों की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है तथा बोयी जाने वाली फसल में खरपतवारों को फैलने से रोका जा सकता है तथा मेडों की साफ सफाई से हानिकारक कीटो एवं जीवों के आश्रय नष्ट हो जातें है साफ सफाई करना कीट एवं रोगों के नियंत्रण की आधुनिक विद्या एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन (आईपीएम) के अन्तर्गत परम्परागत विधियों को अपनाएं एवं गर्मी में गहरी जुताई के उपरान्त मृदा में पाये जाने वाले हानिकारक जीवाणु (इरवेरिया, राइजोमोनास, स्ट्रेप्टोमाइसीज आदि), कवक फाइटोफाथोरा, राइजोकटोनिया आदि एवं अन्य हानिकारक सूक्ष्म जीव मर जातें' है जो फसलों में बीमारी के प्रमुख कारण हैं। ग्रीष्मकालीन कीट रोग एवं खरपतवार प्रबन्धन मानसून आने से पूर्व भूमिशोधन एवं बीजशोधन अवश्य करें। उन्होंने बताया कि भूमि शोधन के लिए 2.50 किग्रा ब्यूवेरिया बैसियाना एवं 2.50 किग्रा ट्राइकोडर्मा (हरजेनियम) को 60-65 किग्रा गोबर की सड़ी खाद में मिलाकर किसी छायादार स्थान के नीचे भीगे हुए जूट के बोरे से ढ़क कर प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा पानी से नमी बनाये रखें। 10 दिन के बाद बुवाई से पूर्व प्रति हेक्टेयर भूमि में छिड़कर जुताई करें तथा फसल के बीजों को बोने से पूर्व बीजशोधन के लिए 250 ग्राम थीरम अथवा 5 ग्राम ट्राइकोडर्मा (हरजेनियम) अथवा 2-2.50 ग्राम कार्बेन्डाजिम प्रति किलोग्राम बीज की दर से प्रयोग करें। जिससे कीट एवं रोगों के नियंत्रण के साथ ही उत्पादन में वृद्धि हो सकेगी।



● किसान गर्मी के मौसम में खेतों की गहरी जुताई करें ताकि मृदा संरचना में सुधार हो

### कीटनाशक विक्रेता दुकान के बाहर बोर्ड लगाएं

जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव ने बताया सभी कीटनाशक विक्रेताओं से को दुकान के बाहर रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड लगाने तथा प्रत्येक कृषक को कैश मैमों जारी करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कृष्ण की साथ खाद, बीज, खरीददते समय कोई धोखाधड़ी नहीं हो सकेगी। साथ ही खाद बीज कीट नाशक विक्रेताओं को कृषकों को कृषि रक्षा रसायनों के सम्बन्ध में जानकारी देने, प्रयोग विधि और प्रयोग होने वाली मात्रा की जानकारी से अवगत करा ने के लिए कहा गया है।

## शोभायात्रा की तैयारियों पर चर्चा

**उरई।** 10 मई को निकलने वाली भगवान परशुरामजी की भव्य शोभायात्र को लेकर विप्र समाज के लोगों ने बैठक कर रणनीति तैयार की तथा लोगों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने अपील की। रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अमित पाण्डेय के आवास पर जिलाध्यक्ष राजू पाठक व नगर अध्यक्ष सज्जन त्रिपाठी, भाजपा नेता विधायक प्रतिनिधि आसू चतुर्वेदी की मौजूदगी में बैठक की। इसमें 10 मई दोपहर 2 बजे ठक्कर बापा इंटर कॉलेज से भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा को निकालने की रणनीति तैयार की गई।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAD SHAFIQ था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHD SHAFEEQ रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये S/O: LATE MOHD YASEEN, 543, MALLOR ROAD, CHINHAT, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226028

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र और सह प्रमाण पत्र वर्ष 2017 रोल नंबर 2052582 वास्तव में खो गया है। हाई स्कूल की परीक्षा टीबीएसकेआईसी इंटर कालेज जरवलरोड से यूपी बोर्ड से की है। **-रवि वर्मा पुत्र श्याम सिंह वर्मा , निवासी- ग्राम- तप्पे सिपाह जरवलरोड, बहराइच**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित करना है कि दीपक सिंह चौहान पुत्र रविंद्र सिंह बकेबर जिला इटावा से मेरा किसी भी प्रकार का कोई सरोकार वास्ता व संबंध नहीं है। दीपक सिंह व उनके परिवार द्वारा किए गए कार्यो से मेरा न ही कोई लेनादेना है और न ही कोई वास्ता है। आसामाजिक तत्वों को चेतावनी देती हूं कि मेरे निजी जीवन को बदनाम न करें। अन्यथा कार्यवाही के लिए बाध्य रहूंगी। **-दिव्यांशी सिंह पुत्री स्व. विनोद सिंह, निवासी- यूपीएसआईडीसी जैनपुर ,थाना व तहसील अकबरपुर, जिला- कानपुर देहात**

